वर्ष 24, अंक 115, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 4 नवंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## प्रधानमंत्री का 'जंगलराज' पर हमला

# गिनाई 'डबल इंजन' सरकार की उपलब्धियां



**सहरसा**

**सोमवार** को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहरसा और कटिहार में विशाल चुनावी सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा और बिहार में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।

पीएम के राजद और कांग्रेस पर तीखे वार

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और राजद में गहन अंदरूनी मतभेद हैं, जो उनके चुनावी पोस्टरों में भी साफ झलकते हैं। राजद अपने पुराने चेहरों को छिपा रही है, जिन्होंने बिहार में जंगलराज का दौर लाया था।

मोदी ने सीधे तौर पर सवाल उठाया, 'जिन्होंने बिहार में जंगलराज लाया, पोस्टर से उनकी तस्वीर गायब है। पिता का नाम छिपाने में शर्म क्यों? आखिर वह कौन सा पाप है जिसे छुपाना पड़ रहा है।'

उन्होंने महागठबंधन में अविश्वास का जिक्र करते हुए कहा कि राजद के नेता जो घोषणाएं करते हैं, कांग्रेस उन्हीं पर विश्वास नहीं करती। राजद के घोषणा पत्र पर कांग्रेस की चुप्पी इसका प्रमाण है। मीडिया के पूछने पर कांग्रेस नेता बोलते हैं कि 'राजद वाले बताएंगे।'

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के 'नामदार' नेता ने छठ पूजा को 'ड्रामा' बताकर बिहार की संस्कृति का अपमान किया, ताकि बिहार के लोगों का गुस्सा राजद पर उतरे और महागठबंधन में फूट पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार से बाहर के कांग्रेस नेता बिहार और बिहारियों को गाली देते हैं, और पार्टी उन्हें प्रचार के लिए बुलाकर राजद का नुकसान करवाना चाहती है। मोदी ने भविष्यवाणी की, 'बिहार चुनाव के बाद राजद और कांग्रेस के बीच गालियां चलेंगी।'

पीएम ने विकास के लिए 'डबल इंजन' की वकालत की

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के निरंतर विकास के लिए 'डबल इंजन' की सरकार को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने केंद्र सरकार की पक्के घर देने वाली योजना का उदाहरण दिया। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों को पक्के मकान दे रही है, लेकिन जहां एनडीए की सरकार नहीं है, वहां यह योजना डब्बे में बंद है।

उन्होंने बताया कि जिन राज्यों में एनडीए की सरकार है, वहां तेजी से मकान बन रहे हैं। इसलिए बिहार को इस विकास की गति को बनाए रखने के लिए एनडीए का आशीर्वाद चाहिए।

## अमित शाह का दावाः मोदी-नीतीश जोड़ी ने बिहार को जंगल राज से दिलाई मुक्ति, खत्म किया वंशवाद



**बिहार**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी साझेदारी ने बिहार को "जंगल राज" से मुक्ति दिलाई और वंशवाद का अंत किया। उन्होंने राजद के लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार तथा कांग्रेस नेतृत्व पर अपने वंशजों को सत्ता में बिठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। सीतामढ़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, "नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की जोड़ी ने बिहार को 'जंगल राज' से मुक्ति दिलाई है। हमने वंशवाद का अंत किया। लालू जी और राबड़ी जी अपने बेटे को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को देश का प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। लेकिन मैं लालू-राबड़ी और सोनिया जी को यह बताने आया हूँ कि न तो लालू जी का बेटा मुख्यमंत्री बनेगा और न ही सोनिया जी का बेटा प्रधानमंत्री। क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश जी हैं और नरेंद्र मोदी जी दिल्ली (केंद्र) में सत्ता में हैं।"

अपने पहले के बयानों को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर हमला बोला और इसे 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' बताया। शाह ने कहा, "राहुल गांधी हाल ही में यहाँ आए थे। उन्होंने 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' निकाली थी। रीगा सीमा के पास स्थित है; यह नेपाल के पास है। मुझे बताइए, क्या बांग्लादेशी घुसपैठियों को बिहार की मतदाता सूची से नहीं हटाया जाना चाहिए? ये घुसपैठिए गरीबों के अनाज का हिस्सा हड़प लेते हैं, युवाओं से रोजगार छीन लेते हैं और जो बांग्लादेश से यहाँ आए हैं, उन्हें यहाँ वोट देने और बिहार का मुख्यमंत्री चुनने का कोई अधिकार नहीं है।" केंद्रीय गृह मंत्री ने पहली बार दावा किया कि पूरा बिहार शाम 5 बजे तक मतदान करेगा क्योंकि अब बिहार नक्सल मुक्त है।

उन्होंने कहा, "केंद्र में कांग्रेस सत्ता में थी। बिहार के कई ज़िले नक्सल प्रभावित थे। मतदान दोपहर 3 बजे समाप्त हो जाता था। अब पहली बार पूरा बिहार शाम 5 बजे तक मतदान करेगा क्योंकि अब बिहार नक्सल मुक्त है।" 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 6 नवंबर और 11 नवंबर को होना है, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 20 नवंबर को उड़ान सेवाएं छह घंटे के लिए रहेंगी बंद



**मुंबई**

**अदाणी** समूह-एएआई के स्वामित्व वाला मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 20 नवंबर को छह घंटे के लिए उड़ान परिचालन के लिए बंद रहेगा। मानसून के बाद रनवे के व्यापक स्तर के रखरखाव के लिए यह फैसला किया गया है।

मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमआईएएल) ने कहा कि रनवे को बंद करने का निर्णय निरंतर सुरक्षा, विश्वसनीयता और वैश्विक विमानन मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

निजी हवाईअड्डा संचालक ने कहा कि व्यापक, वार्षिक मानसून पश्चात रखरखाव योजना के तहत दोनों क्रॉस रनवे (09/27 और 14/32) 20 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम पांच बजे तक अस्थायी रूप से बंद रहेंगे।

हवाई अड्डे के संचालक ने कहा कि रखरखाव में विस्तृत निरीक्षण, सतह की मरम्मत और रनवे पर रोशनी की व्यवस्था, चिह्नों और जल निकासी प्रणालियों का तकनीकी मूल्यांकन शामिल होगा।

## उत्तराखंड विधानसभा सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण

### 25 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा



**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** राज्य स्थापना की रजत जयंती पर आयोजित दो दिवसीय विशेष विधानसभा सत्र के पहले दिन सदन में ऐतिहासिक माहौल देखने को मिला. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से सत्र की शुरूआत हुई, जिसमें उन्होंने राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा का उल्लेख किया और कहा कि उत्तराखंड युवा ऊर्जा, मातृशक्ति और शौर्य की भूमि है. उन्होंने राज्य को आने वाले 25 वर्षों में नए लक्ष्यों की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया.

राष्ट्रपति के अभिभाषण में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों पर राज्य की उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया. उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने सीमित संसाधनों के बावजूद उल्लेखनीय प्रगति की है और यह पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रहा है.

हालांकि सत्र के दौरान विपक्ष ने सरकार पर कई सवाल खड़े किए, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं. लेकिन पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह सुलभ नहीं हैं. उन्होंने कहा कि पलायन की समस्या आज भी जस की तस है और राज्य सरकार विकास के दावों से जमीनी हकीकत छिपा रही है.

विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड ने हर क्षेत्र में ठोस प्रगति की है।

## अधिकतर स्टेशन काम नहीं कर रहे, दिल्ली में जहरीली हवा पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार



**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट को बताया गया कि दिवाली के दौरान दिल्ली के 37 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से केवल नौ ही चालू थे। इससे यह सवाल उठता है कि विश्वसनीय आंकड़ों के बिना ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ऋफअढ) को कैसे लागू किया जा सकता है। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' बनी हुई है, ऐसे में अदालत के समक्ष पेश हुए एक वकील ने बताया कि कई निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे हैं, जिससे प्रदूषण के स्तर पर नजर रखना या यह तय करना मुश्किल हो रहा है कि कब प्रतिबंध लगाए जाएँ। सुनवाई के दौरान, न्यायमित्र के रूप में पीठ की सहायता कर रही वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए पूर्व-निवारक उपाय करने के निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्हें स्थिति गंभीर होने से पहले ही कार्रवाई करनी होगी। वकील ने दलील दी और यह भी बताया कि दिल्ली में कई वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र कथित तौर पर काम नहीं कर रहे हैं। वकील ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि निगरानी केंद्र काम नहीं कर रहे हैं। अगर ये केंद्र काम नहीं करेंगे, तो हमें नहीं पता होगा कि ऋफअढ कब लागू करना है। उन्हें स्थिति पर जवाब देने दीजिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिवाली के दौरान 37 में से केवल 9 निगरानी केंद्र ही चालू थे। इसके जवाब में, भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने सीएक्यूएम और सीपीसीबी को वायु गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण देते हुए ।

## जयपुर में फिर बड़ा हादसा, बेकाबू डंपर ने करीब 40 वाहनों को मारी टक्कर, कई कुचले, 12 की मौत



**जयपुर**

**राजस्थान** में सोमवार (3 नवंबर) को एक और बड़े सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया. जयपुर के हरमन इलाके में एक बेकाबू डंपर ने 30-40 गाड़ियों को भीषण टक्कर मार दी. डंपर ट्रेक का ब्रेक फेल हो जाने की वजह से यह बड़ा हादसा हो गया, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई है. आशंका है कि मौत का आंकड़ा अब भी बढ़ सकता है.

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने जानकारी दी है कि ब्रेक फेल होने को बाद डंपर ने करीब 40 चार-पहिया और दो-पहिया गाड़ियों को टक्कर मारी है. हादसे में 11 लोगों की मौत की पुष्टि है जबकि कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घायलों का इलाज शहर के रटर अस्पताल में चल रहा है. रटर अस्पताल में भर्ती घायलों में से कइयों की हालत नाजुक बताई जा रही है. ऐसे में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है.

जिसने भी देखा जयपुर हादसा, कांप उठा

राजस्थान में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं. एक दिन पहले (रविवार, 2 नवंबर) में जोधपुर में हुए दो सड़क हादसों में कुल 18 लोगों की मौत हो गई थी।

## आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, 7 नवंबर को आएगा फैसला



**नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को देशव्यापी आवारा कुत्तों के मुद्दे पर अपनी सुनवाई 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी और कहा कि वह अगले सप्ताह नए निर्देश जारी करेगा, खासकर सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में बढ़ती समस्या के संबंध में, जहाँ कर्मचारी आवारा कुत्तों को खाना खिला रहे हैं और उन्हें बढ़ावा दे रहे हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की तीन सदस्यीय विशेष पीठ ने न्यायमित्र को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त हलफनामों के आधार पर एक विस्तृत चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया, जिसमें आवारा कुत्तों की आबादी, कुत्तों के काटने की घटनाओं, नसबंदी और टीकाकरण के आंकड़े।

## योगी आदित्यनाथ ने इंडिया ब्लॉक को बताया 'पप्पू, टप्पू, अप्पू', कहा- ये सच से दूर!

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के दरभंगा में एक जनसभा के दौरान इंडिया ब्लॉक पर तीखा हमला करते हुए कहा, "आपने महात्मा गांधी के तीन बंदरों के बारे में सुना होगा, लेकिन आज इंडिया गठबंधन में तीन नए बंदर हैं, पप्पू, टप्पू और अप्पू।" उन्होंने आगे बताया, "पप्पू सच नहीं बोल सकता, टप्पू सही नहीं देख सकता और अप्पू सच नहीं सुन सकता।" सीएम योगी ने कहा कि ये नेता एनडीए सरकार के तहत हुए विकास कार्यों को देख, सुन या बोल नहीं सकते, इसलिए ये गलत सूचनाएं फैलाते हैं।

राजद-कांग्रेस गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि उनके शासन में गरीबों को बुनियादी जरूरतों और कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रखा गया। उन्होंने कहा, "जब राजद ने कांग्रेस के समर्थन से बिहार पर शासन किया था, तब गरीबों को राशन और सरकारी योजनाओं से वंचित रखा गया था। 2005 से पहले, कांग्रेस या राजद के शासन में, अगर कोई गरीब बीमार पड़ता था, तो वह तड़प-तड़प कर मर जाता था, क्योंकि कोई चिकित्सा सुविधा नहीं थी।" यूपी के मुख्यमंत्री ने कश्मीर को लेकर कांग्रेस पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उनकी नीतियों ने ही इसे एक विवादित क्षेत्र बना दिया। सीएम योगी ने कहा, "कांग्रेस ने ही कश्मीर को विवादित बनाया।

आज पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में कश्मीर आतंकवाद से मुक्त हो गया है।"



### प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्पित है सरकार : आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कहा कि सरकार सभी प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान को बरकरार रखने के लिए संकल्पित है।

राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये फरियादियों के पास खुद पहुंचे, उनकी समस्याएं सुनीं और अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में उचित निस्तारण कराएं और पीड़ितों से प्रतिक्रिया लें। बयान के अनुसार, जनता दर्शन कार्यक्रम में 60 से अधिक पीड़ितों ने एक-एक कर अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। फरियादियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्पित है।

## भाई तेजस्वी पर बरसे तेज प्रतापः मेरे गढ़ में सेंध लगाना महंगा पड़ेगा, जनशक्ति की लहर



**बिहार**

**जनशक्ति** जनता दल के संस्थापक और राजद से निष्कासित नेता तेज प्रताप यादव ने सोमवार को अपने भाई तेजस्वी यादव पर महुआ में महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने के लिए निशाना साधा। तेज प्रताप ने कहा कि उन्हें लगता है कि तेजस्वी महुआ में रैली करने से परहेज करेंगे, जहाँ से तेजस्वी चुनाव लड़ रहे हैं, और इसीलिए उन्होंने राघोपुर में प्रचार करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि तेजस्वी यहाँ प्रचार के लिए नहीं आएंगे। हालाँकि, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता–मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। राघोपुर की मेरी यात्रा निश्चित रूप से प्रभाव डालेगी। आखिरकार, कृष्ण के बिना अर्जुन नहीं जीत सकता।

तेज प्रताप ने यह भी आरोप लगाया कि महुआ में तेजस्वी की रैली के दौरान लोगों पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने आगे कहा, "तेजस्वी दावा करते हैं कि राजनीतिक दल से बड़ा कुछ नहीं है, लेकिन यह सच नहीं है। जनता पहले आती है। महुआ में तेजस्वी की रैली में लोगों पर लाठीचार्ज भी किया गया।" जेजेडी संस्थापक ने राघोपुर से चुनाव लड़ रहे पार्टी उम्मीदवार प्रेम कुमार के पक्ष में एक जनसभा की। उन्होंने लोगों से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जेजेडी उम्मीदवार को वोट देने का आग्रह किया। तेज प्रताप ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज, मैंने वैशाली जिले के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से हमारे जनशक्ति जनता दल के उम्मीदवार श्री प्रेम कुमार जी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। सभा में हजारों-हजारों सम्मानित लोगों और जनता की उपस्थिति और उनके अमूल्य आशीर्वाद से यह साबित होता है कि राघोपुर विधानसभा क्षेत्र में भी जनशक्ति जनता दल की प्रचंड लहर चल रही है। उन्होंने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि यहां की जनता जनशक्ति जनता दल को अपना भरपूर आशीर्वाद देगी। साथ ही, हम राघूपुर विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता से वादा करते हैं कि हम यहां सभी बुनियादी सुविधाओं सहित बेहतर विकास सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे।"

आज वैशाली जिले के राघोपुर विधानसभा से जनशक्ति जनता दल के हमारे उम्मीदवार प्रेम कुमार जी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

# इफको के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ प्रक्षेत्र दिवस

## कारडेट के प्रधानाचार्य ने कृषकों से मृदा परीक्षण के आधार पर ही खेती करने की दी सलाह

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** इफको के 58वें स्थापना दिवस पर प्रतापपुर क्षेत्र के बाबूपुर बेलो गांव में सोमवार को प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गांव व क्षेत्र के किसानों ने प्रतिभाग किया। कृषकों को संबोधित करते इफको कारडेट के प्रधानाचार्य डॉ. डी.के. सिंह ने बताया की 3 नवंबर 2025 को इफको के 58 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। स्थापना वर्ष से ही इफको देश के किसानों के विकास के लिए निरंतर प्रयास रत है। उन्होंने सभी कृषकों से मृदा परीक्षण के आधार पर ही खेतों में उर्वरकों के प्रयोग की अपील की और बताया की कारडेट में खेतों की मिट्टी की जांच निःशुल्क की जाती है। नैनो डीएपी के प्रयोग की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की रबी सीजन में गेहूं की फसल बुवाई करने के लिए 10 एम.एल. नैनो डीएपी प्रति किलो बीज के आधार पर शोधन कर-के बुवाई करने से कृषकों को लाभ होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने नैनो यूरिया प्लस , नैनो कॉपर, नैनो जिंक के प्रयोग की भी तकनीकी जानकारी दी।

आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने जैव उर्वरकों एवं जैव अपघटकों के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को दराती का निःशुल्क वितरण किया गया। कृषक संतोष कुमार ने धान की फसल में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग के अपने अनुभव साझा किये । कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान राम सजीवन,अनिल सिंह, कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, जंग बहादुर, श्याम लाल प्रजापति सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष कृषक उपस्थित रहे।



परिक्षेत्र दिवस पर किसानों के बीच इफको कारडेट के प्रधानाचार्य डा० डी०के सिंह



मौके पर जुटी किसानों की भीड़

## आग से बजरंग साइकिल स्टोर खाक

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छतनाग इलाके में सोमवार की रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब बजरंग साइकिल स्टोर नामक दुकान में आग लग गई और फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक दुकान के भीतर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। मुंशी पुरवा गांव निवासी उमाशंकर ने छतनाग में यह साइकिल की दुकान खोल रखी है। बताया जाता है कि उमाशंकर सोमवार की शाम को दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। रात के कुछ ही घंटे बाद आसपास के दुकानदारों ने दुकान से धुआँ देखा तो अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत दुकान मालिक उमाशंकर के साथ ही फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुचने से पहले आग बुझ गई थी लेकिन दुकान के अंदर रखी साइकिलें, स्पेयर पार्ट्स और अन्य उपकरण पूरी तरह जल चुके थे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# मऊआइमा के अम्मार यासिर बने सीए

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बे के अम्मार यासिर ने सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर इलाके का नाम रौशन किया है।जानकारी मिलने पर लोगों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

सोमवार को आईसीएआई द्वारा सितंबर में हुए सीए फाइनल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।जिसमे मऊआइमा कस्बे के मोहल्ला हजियाना निवासी व्यवसायी व पत्रकार सईद अहमद अंसारी के पुत्र अम्मार यासिर ने सफलता अर्जित कर घर परिवार व इलाके का नाम रौशन किया।उनकी कामयाबी पर चेयरमैन शोएब अंसारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, प्रधान तीरथ यादव, उमैर जलाल, मुख्तार अंसारी, सलीम अंसारी, मोहम्मद फारूक अंसारी, मोहम्मद फरजान, मोहम्मद वासिक, कारी रहमतुल्लाह आदि ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



अम्मार यासिर

## जमीनी रंजिश में लाठी डंडा से मार पीट नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय हो कर गाली गुप्ता देते हुए काठी डंडा लेकर हमला कर दिए ।जिस में कई को चोटें आई है पुलिस ने नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अनेधी निवासनीय इसरावती देवी पत्नी राम बहादुर का आरोप है कि जमीनी रंजीत को लेकर पड़ोसी एक राय होकर हाथों में लाठी डंडा राड आदि लेकर गालियां देते हुए उसे और उसके पति राम बहादुर तथा पुत्री नीलम को घसीट घसीट कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए ।इसरावती देवी का आरोप है कि इस मार पीट में उसे और उसके पति राम बहादुर तथा पुत्री नीलम को काफी चोटें आयी हुई है ।इसरावती देवी ने मऊआइमा थाने में सूर्यबली,राज कुमार,राम कुमार, शिवकुमार उर्फ जीतू,अजय कुमार, अनारकली,विजय कुमारी,अनीता देवी,रीता देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## युवती से दुराचार कर वीडीओ वायरल करने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती का आरोप है कि 30 अक्टूबर को शाम के समय उसका मित्र युवक फोन कर स्कूल में बुलाया जहां पहले से मौजूद युवक और उसके दो दोस्तों ने जबरियन पकड़ कर स्कूल के कमरे में कर दिए। आरोप है कि युवक उससे दुराचार करने लगा शोर मचाने पर युवक के दो दोस्तों ने बाहर से कमरा बंद कर फरार हो गए। बताया गया है कि युवक अपने भाई को फोन कर बुलाया और दरवाजा खुलवाया। पीड़िता का आरोप है कि दुराचारी के भाई ने यह धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो तुम्हारा वीडीओ बना है वायरल कर दूंगा ।और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। लोक लाज की भय से पीड़िता चुप रही। आरोप है कि वीडीयो वायरल होने पर रविवार को पीड़िता को लेकर परिजन थाने आए और तहरीर दिए। सोमवार को पीड़िता की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने दुराचार के आरोपी सूरज मौर्या पुत्र श्याम लाल तथा उसके भाई अनुपम मौर्या,और दो दोस्त नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जंघई निवासी प्रदीप पांडेय की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत जंघई पड़ान गांव निवासी प्रदीप पांडेय पुत्र स्व. गुलाब शंकर पांडेय उम्र 32 वर्ष सोमवार दोपहर में अपने घर से निकला और जंघई बरना रोड से बाइक पर सवार होकर बरना में किसी कार्य हेतु जा रहा था कि थानापुर गांव में सामने से आ रही धान काटने वाली हार्वेस्टर मशीन ने जोरदार टक्कर मार दिया प्रदीप बाइक सहित नीचे गिरकर तड़पने लगा और देखते ही देखते सांसें थम गई। स्थानीय लोगों से पुलिस चौकी जंघई एवं सरायममरेज थाना में सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और आवागमन खुलवाया। दो भाईयों एवं एक बहन में सबसे छोटा प्रदीप पिता की मौत के बाद घर पर रहकर कृषि कार्य करता था उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है विधवा मां, पत्नी एवं 9 वर्ष के एक बेटे का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। घटनास्थल पर पहुंचें पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा भाजपा नेता इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्र से उचित कार्यवाई हेतु कहा और अपने पड़ोसी मृतक प्रदीप पांडेय के परिवार का यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष सरायममरेज अतुल कुमार मिश्रा ने बताया कि शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम हेतु शव प्रयागराज भेज दिया गया है हार्वेस्टर को कब्जे में ले लिया गया है दोषियों के प्रति कठोर विधिक कार्यवाई जाएगी।





# नागरिक पी0जी0 कॉलेज जंघई में बेटियों को किया गया जागरुक



अखंड भारत संदेश

**जंघई।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत 3 नवंबर को नागरिक पी0जी0 कॉलेज जंघई में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। (भारत में नारी शक्ति का महत्व) शीर्षक पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में लगभग 250 छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें एमए द्वितीय सेमेस्टर की अंशु विश्वकर्मा प्रथम, बीए पंचम सेमेस्टर की कोमल गुप्ता द्वितीय और बीए तृतीय सेमेस्टर की श्रेया तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति संयोजिका डॉ ममता यादव का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने सहयोग किया। डॉ ममता यादव ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। क्योंकि सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर महिला ही सशक्त समाज की नींव होती है। इस अभियान को केवल एक औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि जनहित में एक निरंतर प्रयास के रूप में देखा जा रहा है और बेटियो एवं महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए, महिलाओं और छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों तथा विभिन्न सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112, 181, 1930 और 102 की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों से कैसे सहायता प्राप्त की जा सकती है।

# इफको प्रबंधन व संविदाकार एक ही परिवार का हिस्सा

## इफको में संविदाकारों की समस्यायों का हुआ त्वरित निराकरण

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में सोमवार को सतर्कता जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। इफको के संयुक्त प्रबंध निदेशक राकेश कपूर द्वारा जूम वेबिनार से महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान इफको की सभी इकाइयों में भी जूम वेबिनार से एक साथ शपथ दिलायी गयी। इस वर्ष का विषय सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी है। इस दौरान इफको प्रशिक्षण केन्द्र में संविदाकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक (इकाई प्रमुख) पी.के.सिंह ने संविदाकार गोष्ठी में कहा कि सभी संविदाकार कायार्देश तथा इसके साथ जो भी अनुलग्नक हो उसे ध्यान से पढ़े। क्योंकि समय समय पर नियम बदलते रहते है। बदले हुए नियम का पालन करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि इफको की स्थापना का उद्देश्य किसानों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इफको प्रबंधन का मानना है कि इसके सभी साझेदार कर्मचारी, संविदाकार, प्रबंधन एक परिवार का हिस्सा है तथा यदि कोई समस्या हो तो उसका समाधान संभव है। संविदाकार गोष्ठी में संविदाकारों की विभिन्न समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया गया साथ ही कर्मचारियों हेतु विजिलेंस मुख्यालय द्वारा संचालित ऑनलाइन क्विज का आयोजन भी किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक क्रमशः संजय भंडारी, डॉ अनीता मिश्र, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अरूण कुमार, अरवेन्द्र कुमार, एस.के. सिंह, ए.के.गुप्ता, पी.के. वर्मा, डॉ सत्य प्रकाश, आर.पी.यादव, पी.के. त्रिपाठी, संदीप गोयल, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम्प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव मौजूद रहे।



जूम वेबिनार मीटिंग में इमानदारी व सत्यनिष्ठा की शपथ लेते इफको के अधिकारी

## बेलवा गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा कल से

**सहसों।** क्षेत्र के बदल का पूरा बेलवा गांव में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का सप्तदिवसीय संगीतमय कथा बुधवार से मोहनलाल मिश्र के संयोजन में आयोजित किया जाएगा। सात दिनों तक चलने वाली कथा को कथा व्यास पंडित बद्री नारायण शुक्ला चंदन जी महाराज के श्रीमुख से श्रवण कराई जाएगी। कथा प्रतिदिन अपराह्न 2:00 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजक द्वारा कथा रसिक बंधुओ से समय पर उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है। उक्त आशय की जानकारी अधिवक्ता पंडित दिलीप मिश्रा भंवरहा ने दी है।

## दुराचार का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मऊआइमा।** मऊआइमा के एक गांव की एक युवती को नहर के पास 24 अक्टूबर को आठ बजे रात में बुलाकर दुराचार कर कहीं बोलने पर जान से मारने की धमकी देकर युवक फरार हो गया था। जिसमें पीड़िता ने मऊआइमा थाने में दुराचार और धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था। फरार नामजद आरोपी अंशू पुत्र संतोष कुमार ग्राम मटियारी मानी उमरपुर को सरपताही नहर के पास से मऊआइमा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मिशन शक्ति टीम ने कोट दक्षिण में बेटियों/ महिलाओं को किया जागरुक



अखंड भारत संदेश

**जंघई।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत मिशन शक्ति टीम में उप निरीक्षक बलवंत सिंह, उप निरीक्षक आराधना सिंह, उप निरीक्षक यशवंत कुमार, उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी द्वारा ग्राम कोट दक्षिण थाना सराय ममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज में 3 नवंबर सोमवार को जाकर बेटियों/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम 1930 आदि की जानकारी दी गयी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे मे भी बताया गया व साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुक किया गया।

# कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम फूलपुर को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में सोमवार को परगना मजिस्ट्रेट फूलपुर जूही प्रसाद को महामहिम राज्यपाल के नाम 5 सूत्री ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों की समस्याओं के निदान हेतु कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस समय बिना मौसम के अतिवृष्टि होने के कारण किसानों की फसलें डूब कर सड़ गई, किसानों के धान खेतों में गिरकर बर्बाद हो गए। जिससे किसानों को गंभीर संकट की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी ने भाजपा की उपेक्षात्मक नीति के चलते किसान और मजदूर विरोधी सरकार है उसे चेताते हुए होश में आने को कहा। उन्होंने अविलंब किसानों के हितों की मांग की है। किसानों को समर्थन मूल्य के साथ आसान किस्तों में खाद, बीज, कीटनाशक दवा उपलब्ध करवाना और किसानों को अनुदान के माध्यम से तत्काल सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है।यदि समय रहते इस पर सरकार ध्यान नहीं देती है तो कांग्रेस पार्टी किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन चलायेगी। जिसकी सरकार उत्तरदाई होगी। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी देवराज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोपाल कृष्ण द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, सूफिया बानो, संतोष सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील पाण्डेय, सुभाष चंद्र यादव, एडवोकेट अजय तिवारी, सायरा बानो, राजेश पटेल, कंट्रोल रूम प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, परबेज ताहिर, अमर सिंह पटेल, अनुपम द्विवेदी, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, उर्मिला सिंह, विकास तिवारी, सहाना बेगम,खुशबू,सरोजा देवी, एडवोकेट इसरार अहमद आदि उपस्थित रहे।



## एल एच वी श्रीमती गीता मजूमदार की भावभीनी विदाई



**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना में लगभग 25 साल तक राजकीय सेवा करने के पश्चात आज 3 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया सम्मान समारोह में सब लोगों ने उनके कार्य एवं मधुर व्यवहार के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की उनके जाने का सबने दुख व्यक्त किया लोगों ने यह कहा कि हम आपसे बहुत कुछ सीखेंने का मौका मिला इनके इनके कार्य क्षेत्र की बहुत सी आशा बहू बहुत भावुक होकर विदाई में शामिल हुई। समारोह में अवकाश प्राप्त कर्मचारी भी सम्मिलित हुए थे। गीता जी ने सरकारी नौकरी के दौरान जो भी अनुभव प्राप्त हुआ था उसके बारे में उन्होंने बताया। समारोह अध्यक्षता अधीक्षक साहब ने किया संचालन स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्री अवनीश मोहन वर्मा जी ने किया ।अपने विचार व्यक्त करने वालों में श्री जगदंबा प्रसाद यादव डॉ राजीव कुमार द्विवेदी श्रीमती चंद्रा मिश्रा, सुनील मिश्रा, सतीश तिवारी ,हरेंद्र सिंह ,अरुणेंद्र पांडे, अनुराग शुक्ला ,रेनू शालिनी मिश्रा , शबनम आदि लोग प्रमुख रहे।

# बारा समाधान दिवस में 221 शिकायती पत्रों में 08 का निस्तारण

## जोधी गांव के किसानों ने टावर कम्पनी से मुवावजा दिलाने की लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**बारा।** सोमवार को तहसील बारा के सभागार में एडीएम आपूर्ति विजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। समाधान दिवस में बार बार शिकायती पत्र देने के बावजूद निस्तारण न होने से फरियादियों में मायूसी है।

समाधान दिवस में पांडर गांव के राकेश तिवारी ने शिकायत किया कि बार बार शिकायती पत्र देने के बावजूद विद्युत विभाग निस्तारण नहीं कर रहा है।जोधी गांव के देशराज यादव ने लिखित शिकायती पत्र देकर मांग किया है कि तीन महीने हो गए मेरे हिस्से के खेत के ऊपर टावर लाइन का तार लगा लिया जिसका मुवावजा आज तक नही मिला, इसी तरह बाबू जी यादव के सात बीघा खेत सड़क के बगल से तार बीचों बीच बिछा कर सिर्फ 40000 मुवावजा दिया,पूरी जमीन चली गयी उसके नीचे घर नही बन सकता टावर कर्मचारी हिल्ला हवाली करते चले आ रहे है।

शिव नरेश सिंह शंकरगढ़ ने रास्ते पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। देवरा के भारत लाल सोनकर ने आगजनी की शिकायत दर्ज कराई। समाधान दिवस में एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम,नायब तहसीलदार बारा विजय कुमार,एडीओ समाज कल्याण जसरा गुल्जार सिंह सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में कुल 221 शिकायती पत्र आए इसमें से 08 राजस्व के मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।



# समाधान दिवस-मेजा : जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयी शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के दिए निर्देश

- समाधान दिवस में कुल 506 प्रकरण सुनवाई के लिए आयें, 08 प्रकरणों का मौके पर किया गया निस्तारण
- जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत 4 महिलाओं की गोदभराई एवं 4 बच्चों का कराया अन्नप्राशन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील मेजा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा उनसे सम्बंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए पात्र लोगो को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने तहसील में इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर आधारित मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत 4 महिलाओं की गोदभराई एवं 4 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीको के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुनते हुए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने एवं प्रार्थनापत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण में विलम्ब होने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में उपस्थित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों को जनशिकायतों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने शिकायतकर्ता का फीडबैक लेने और शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट भी कराये जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, अवैध कब्जा व अन्य शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रार्थनापत्रों की अलग-अलग सूची बनाकर सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील मेजा में कुल 506 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 202, विकास विभाग की 41, पुलिस विभाग 91, समाज कल्याण विभाग-11, शिक्षा विभाग की-3, स्वास्थ्य विभाग की-02 व अन्य विभागों से सम्बंधित 156 थी, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी मेजा सुरेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, जिला पंचायतराज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फरियादियों की शिकायतों को अपने तक ही सीमित रखें राजस्व कर्मी : जिलाधिकारी

**मेजा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम के आने की सूचना पर उमड़ा क्षेत्र के फरियादियों का जन सैलाब, हालात बिगड़ते देख डीएम मनीष वर्मा कुर्सी छोड़ खुद फरियादियों से लिया शिकायती पत्र कहा हम पर उम्मीद और भरोसा कर आने वाले फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता**

**अखंड भारत संदेश**





मेजा सम्पूर्ण समाधान दिवस में भारी भीड़ देख स्वयं कुर्सी छोड़ शिकायती पत्रों को लेते जिलाधिकारी मनीष वर्मा

**मेजा।** मेजा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम प्रयागराज के आने की सूचना पर क्षेत्र के फरियादियों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान पूरा तहसील परिसर खचाखच भरा रहा कहीं पर रखने तक की जगह नहीं रही। शिकायत कताओं की भीड़ को काबू करने के लिए मेजा पुलिस को भारी मशक्कत करनी पड़ी और सभागार के सभी दरवाजे बंद करने पड़े। सभागार का हालत ऐसा रहा कि डीएम साहब को स्वयं आगे आना पड़ा और उन्होंने सभागार में बैठे सभी विभागों के अधिकारियों को बाहर जाने और शिकायत कताओं को अंदर आने देने का फरमान सुनाया तब कहीं फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उन तक पहुंच सके। उल्लेखनीय है कि दोपहर लगभग एक बजे के करीब जैसे ही जिलाधिकारी मनीष वर्मा अपनी लाव लश्कर के साथ मेजा तहसील पहुंचे इसके पूर्व से विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी अपनी शिकायतें लेकर भारी संख्या में उमड़े फरियादियों में अफरा तफरी मच गई। सभी फरियादी डीएम तक पहले पहुंचने के लिए एक दूसरे से धक्का मुक्की करने लगे। बिगड़ते हालत को देखते हुए डीएम मनीष वर्मा स्वयं कुर्सी छोड़ खड़े हो गए और वहां मौजूद फरियादियों की शिकायतों को लेने लगे। इस दौरान देखते देखते शिकायतों का भारी बंडल इकठ्ठा हो गया जिसे देखकर उन्होने कड़ी नाराजगी जाहिर किया और कहा कि यह शिकायतों के बंडल बता रहे हैं कि मेजा तहसील के विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों का काम कितना अच्छा है। संपूर्ण समाधान दिवस में अमिलिया गांव के चकमर्ग, चंदखमहरिया गांव की सड़क, जवनियां और औता गांव में बंजर भूमि कब्जाने, शुक्लपुर तथा सिडखिड़ी आदि गांवों से आई शिकायतों पर हल्का लेखपालों और और कानून निरीक्षकों को तलब किया और उनके क्रिया कलापों पर बेहद नाराजगी जाहिर किया और कहा कि शिकायत कताओं की शिकायतों को राजस्व कर्मी अपने तक ही सीमित रखें,यदि राजस्व से संबंधित शिकायतें मेरे पास आई तो संबंधितों के विरुद्ध कड़ा एक्शन होगा। उन्होंने कहा राजस्व कर्मी नियमित गांव में जाएं और समस्याओं को गंभीरता पूर्वक देखे और वहीं उसका समाधान कराने की हिदायत दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सरकारी भूमि नाली सड़क चकरोड चकमर्ग अवैध कब्जा तथा सीमांकन के दौरान की गई पत्थरगडी तोड़ने वालों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराए जाने का निर्देश दिए हैं। इस दौरान भूमि विवाद आवास विद्युत आपूर्ति राशन कार्ड सड़क मरम्मत आदि के अलावा सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की रही। जिलाधिकारी ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सभी शिकायतों का निस्तारण किये जाने की चेतावनी दिया है।

उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ शिकायत कर्ता इस भारी भीड़ में हम तक पहुंचे हैं उनकी उम्मीद पर सभी को खरा उतरना है। जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतना स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के साथ पहुंचे थे। इस दौरान आशा बहुओं ने मानदेय को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन पत्र सौंपा। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समस्याओ का समाधान करने के कड़े निर्देश दिए। इस दौरान डीएम मनीष वर्मा ने स्थानीय मीडिया कर्मियों से प्रेस वार्ता भी किए। इस मौके पर एडीएम प्रशासन पूजा मिश्रा पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव, जिला परियोजना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, उपजिलाधिकारी मेजा सुरेन्द्र प्रताप यादव,सहायक पुलिस आयुक्त मेजा एसपी उपाध्याय, तहसीलदार गया प्रसाद, खण्ड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह,खण्ड विकास अधिकारी मेजा अमित कुमार सिंह, सभी राजस्व निरीक्षक हल्का लेखपाल आदि के अलावा थाना प्रभारी मेजा दीनदयाल के नेतृत्व में भारी संख्या मे पुलिस के जवान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## डिप्रेशन में आया छात्र फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र स्थित चाका ददरी में छात्र ने कमरे को बंद करके पंखे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। वही परिजन जब आये तो देखा कि छात्र फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वही परिजनों ने तुरंत अस्पताल लेकर गये वही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। नैनी पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर छात्र का शव अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नैनी क्षेत्र स्थित चाका ददरी निवासी हर्षित कुमार (17) पुत्र अर्जुन जो कि नेवी से रिटायर्ड है। वे वर्तमान में मांडा आईटीआई में पढ़ाते हैं। हर्षित 12 वीं में पढ़ रहा था। साथ ही नीट की तैयारी कर रहा था। रविवार को परिजन बाजार गए हुए थे। सूत्रो के अनुसार कमरा बंदकर पंखे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घरवाले जब बाजार से लौटे तो बेटे को आवाज दी। लेकिन बेटा नहीं बोला। पिता घर में पहुंचे और दरवाजे को पीटने लगे। आहट न मिलने पर दरवाजे को तोड़कर पिता अंदर पहुंचे तो देखा हर्षित फंदे से झूल रहा था। बेटे की लाश देखकर पिता की चीख निकल पड़ी। तत्काल बेटे को लेकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हर्षित को मृत घोषित कर दिया गया। फिर परिजन लाश लेकर वापस लौट आए। परिजनों ने रात भर शव घर में रखा। सुबह होने का इंतजार करते रहे। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना दे दी गई।

## न्यूज झरोखा

### बी फार्मा का छात्र राजीव तिवारी अज्ञात कारणों से फंदे से लटक कर जान गवाई



**करछना।** थाना क्षेत्र के रोकड़ी गांव में रविवार की आधी रात बी फार्मा के छात्र ने अज्ञात कारणों से फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह घरवाले उसे जगाने पहुंचे तो वह फंदे से लटक रहा था। मामले की सूचना पर करछना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी 22 वर्षीय राजीव तिवारी पुत्र स्व रामायण तिवारी रविवार की आधी रात कमरे के अंदर रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया। सुबह स्वजन उसे जगाने गए तो देखा कि वह फंदे से लटक रहा है। मामले की सूचना करछना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। वह नैनी के किसी स्कूल से बीफार्मा का कोर्स कर रहा था। नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर को गंगा स्नान करके लौट रहे उसके पिता रामायण तिवारी को कौवा बाजार के पास तेज रफ्तार डंपर ने रौद दिया था,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बड़ा भाई सत्यम, बहन खुशी व मां प्रतिमा का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अनूप सरोज ने बताया कि युवक ने अपनी जान क्यों दी इसकी जांच की जा रही है।

### सप्ताह भर पूर्व मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के पथरताल गांव में सप्ताह भर पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि गांव में तनाव को देखते हुए दोपहर से लेकर शाम तक पुलिस पर तैनात रहा। ज्ञातब्य हो कि 25 अक्टूबर को रात 1 बजे के करीब गांव के ही हरिश्चंद्र पुत्र राजाराम व इनके दो बेटे रोहित और मोहित ने घर में घुसकर सूरज पुत्र संतलाल पर कुल्हाड़ी व अन्य धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हादसे में सूरज के सिर में जहां गंभीर चोटे आई थी, वही उसका एक पैर की टूट गया था। जिसे सीएचसी कोरांव से उपचार के लिए रेफर कर दिया गया था। सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में उपचार के दौरान सूरज ने दम तोड़ दिया। मृतक सूरज तीन भाइयों व एक बहन में तीसरे नंबर का था। सूरज की मौत से माता सूर्य कली व अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

### करेंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय युवक मौत, कोहराम

**लालापुर।** क्षेत्र के अमिलिया तरहार में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लालापुर क्षेत्र के अमिलिया तरहार निवासी भोलानाथ द्विवेदी पुत्र रामसुख द्विवेदी उम्र लगभग 45 वर्ष सोमवार को सुबह करीब 08 बजे घर मे काम कर रहे थे कि अचानक उनका हांथ दीवार में लगे लोहे के कील से टच हो गया,जिसमे करंट उतरा हुआ था और चपेट में आते ही जोरदार झटका लगा, जिसे परिजनों ने उपचार के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि रास्ते में ही भोलानाथ द्विवेदी की मौत हो गई।भोलानाथ द्विवेदी आटा चक्की चलाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। उनके 2 लड़का और एक लड़की है। भोलानाथ की मौत से घर व परिवारजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### मजदूर की इलाज के दौरान मौत, भाई की हालत नाजुक



**उतरांव।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र की सराय इस्माइल गांव निवासी ज्ञानचंद यादव जो रविवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल थे । वहीं स्वरूप रानी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था जहां हालत नाजुक बनी हुई थी बीती रात उनका इलाज के दौरान मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सराय इस्माइल थाना उतरांव निवासी ज्ञानचंद यादव उम्र 40 वर्षे जो घर पर खेती किसानी करते थे तथा बलरामपुर स्थित एक बर्तन की दुकान पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे । बीते रविवार सुबह अपने बड़े भाई लालचंद यादव के साथ महुआ कोठी गांव में भैंस खरीदने के लिए अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग नागनाथपुर सर्विस रोड पुलिया के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रहे जलालपुर गांव के रहने वाले शोएब आलम असलम और साहिल की बाइक से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ज्ञानचंद सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गए । मोटरसाइकिल ज्ञानचंद चला रहे थे । उनके भाई लालचंद बैठे हुए थे। दोनों को गंभीर चोटे आई जहां एंबुलेंस के माध्यम से स्थानीय व पुलिस ने एक निजी अस्पताल में ले गए । जहां डॉक्टरों ने ज्ञानचंद की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं बीती रात इलाज के दौरान ही मजदूर ज्ञानचंद यादव की मौत हो गई । मौत की खबर जब घर पर परिजनों तक पहुंची तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक ज्ञानचंद चार भाइयों में सबसे छोटे थे । तीन भाई लालचंद,मूलचंद,रामचंद है। मृतक ज्ञानचंद को एक बेटा हर्षित 12 वर्ष तथा एक बेटी सौम्या 8 वर्ष है। ज्ञानचंद के माता-पिता की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है ।होमगार्ड लालचंद का इलाज हनुमानगंज के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। ज्ञानचंद की मौत से पत्नी कंचन देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### ससुर ने दामाद की पीट-पीटकर ले ली जान कौंधियारा पुलिस ने तीन दिन में किया खुलासा

**कौंधियारा।** कौंधियारा क्षेत्र के अगवईया गांव में इंसानी रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। शराब के नशे में एक ससुर ने अपने ही दामाद की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीन दिन के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। मृतक रवि कुमार बिंद (28) निवासी सुक्खू का पुरा, थाना घूरपुर, 1 नवम्बर की रात अपने ससुराल अगवईया गया था। वहां उसने ससुर जमुना प्रसाद बिंद (55) के साथ बैठकर शराब पी। नशे की हालत में दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ, जिसमें ससुर ने गुस्से में दामाद की बेरहमी से पिटाई कर दी। रवि गंभीर रूप से घायल होकर धान के खेत में गिर गया और वहीं उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ससुर को लगा कि दामाद अपने गांव लौट गया है, लेकिन अगले दिन सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के भाई सूर्यबली बिंद की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर आरोपी को अगवईया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि ह्लआरोपी से तीन दिन लगातार पूछताछ की गई। शुरू में वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सख्ती बरतने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया है।

# प्रयागराज-रीवा हाईवे पर फिर हादसा : आवारा मवेशियों से बचने में पलटी कार, दो गंभीर रूप से घायल

**कौंधियारा।** प्रयागराज-रीवा नेशनल हाईवे पर सोमवार शाम आवारा मवेशियों की वजह से बड़ा हादसा हो गया। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी के पास एक स्विफ्ट कार गाय को बचाने के चक्कर में पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया।

घायलों की पहचान रितेश पुत्र जगतनारायण निवासी दांदूपुर, पुष्पराज पुत्र सीताराम निवासी पूरे लोटाढ़ और धनश्याम पुत्र अवधेश बिंद निवासी भिस्कुरी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों किसी पारिवारिक कार्य से नारीबारी जा रहे थे। तभी कृषक इंटर कॉलेज के सामने अचानक सड़क पर मवेशियों का झुंड आ गया। चालक ने टक्कर से बचने के लिए गाड़ी मोड़ी, लेकिन नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर जारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।

ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर आवारा मवेशियों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। पिछले एक महीने में यहां कई वाहन पलट चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं को सड़क से हटाने की ठोस व्यवस्था की जाए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## अरैल गंगातट पर दीपावली महोत्सव का भव्य आयोजन 5 को

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वैच्छिक कार्यकताओं की बैठक पूर्व निश्चित कार्यक्रमानुसार देवरख बन्धारोड स्थित मदन वाटिका रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यमुनापार विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने तथा संचालन समिति के महामंत्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। बैठक में परमार्थ त्रिवेणी पुष्प अरैल द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर 5 नवंबर बुधवार को परमार्थ संगम घाट पर आयोजित दीप दीपावली महोत्सव में सक्रिय सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि स्वामी चिदानंद मुनि की प्रेरणा से एवं परमार्थ त्रिवेणी पुष्प व परमार्थ संगम घाट के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरुण सारस्वत के दिशा निर्देशन में 5 नवंबर को गंगा तट पर 51 हजार दीप प्रज्वलित कर दीपदान, गंगा आरती, आतिशबाजी एवं भजन संध्या सहित अनेकों कार्यक्रम आयोजित कर महोत्सव को भव्य बनाया जाएगा।

# कागजों में कब्जा मुक्त, जमीन पर बरकरार प्रशासनिक रिपोर्ट पर उठे सवाल

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के ग्राम जेवनियां की भूमि को लेकर राजस्व विभाग की रिपोर्ट पर अब सवाल उठने लगे हैं। विभाग द्वारा जारी जांच रिपोर्ट में भूमि को ह्लकब्जा मुक्तह्व बताया गया है, लेकिन मौके की हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज भी वहां कब्जा जस का तस बना हुआ है। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, राजस्व निरीक्षक टप्पा चौरासी, परगना खैरागढ़, तहसील मेजा ने दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को अपनी जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया कि विवादित भूमि से अवैध कब्जा हटा दिया गया है और वहां की स्थिति सामान्य है। रिपोर्ट पर संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं।

**ग्रामीण बोले—कागजों में हटाया गया कब्जा, जमीन पर अब भी कायम**

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने केवल कागजों में ही कब्जा हटाया है, जबकि जमीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ।उनका कहना है कि विभागीय मिलीभगत के चलते बिना स्थलीय सत्यापन के फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले को दबाने का प्रयास किया गया है। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**प्रार्थना पत्र की जांच में हुआ उल्लेख, पर सच्चाई अलग**

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी माता अंबर पुत्र राम अभिलाष, निवासी ग्राम जेवनियां, टप्पा चौरासी, परगना खैरागढ़, तहसील मेजा, जनपद प्रयागराज द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच में राजस्व विभाग ने बताया कि ग्राम जेवनियां की अराजी संख्या 885 क सरकारी अभिलेख (खतौनी) में ह्लरास्ताह्व खाते में दर्ज है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि उक्त चक मार्ग पर पहले मिट्टी का कार्य कराया गया था और आवागमन सुचारू रूप से चालू है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि जमीनी हकीकत बिल्कुल उलट है रास्ता आज भी कब्जे में है और आवागमन बाधित है। इस पर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं जारी हैं और लोगों ने उच्चाधिकारियों से दोबारा स्थलीय निरीक्षण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर शासन-प्रशासन निष्पक्ष जांच कराए तो सच्चाई तुरंत सामने आ जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी प्रयागराज से इस मामले में पारदर्शी कार्रवाई की मांग की है ताकि भूमिहीनों और ग्रामीणों के साथ न्याय हो सके।

# रास्ते से आने जाने को लेकर कथित दबंगों ने महिला के साथ की मारपीट दी हत्या की धमकी

**पीड़िता शिवानी सरोज ने सरकार के मिशन शक्ति का हवाला देते हुए थाना मेजा में दिया लिखित तहरीर लगाई कार्यवाही की गुहार**

**अखंड भारत संदेश**



पीड़िता शिवानी सरोज

**मेजा।** घर के सामने रास्ते से आने जाने को लेकर कथित दबंगों द्वारा एक महिला के साथ मारपीट गाली गलौज किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शिवानी सरोज ने थाना मेजा में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के समोगरा गांव निवासी शिवानी सरोज पत्नी रविकांत ने बीते एक नवंबर को थाना मेजा में दी गई तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह गांव के ही मुन्नन सरोज और राजेश सरोज के घर सामने से गए हुए रास्ते से जा रही थी जैसे ही उक्त आरोपियों के घर के सामने पहुंची पूर्व से बच्चों बच्चों के विवाद की रंजिश को लेकर दोनों आरोपियों ने उसे गालियां एवं जान से मारने की धमकी देते हुए बुरी तरह मारापीटा। महिला के शोर मचाने पर उसके घर की कई और महिलाएं बीच बचाव हेतु पहुंची तो आरोपियों से उसकी जान बची। प्रकरण के बाबत पीड़िता शिवानी की बातों को सच माना जाय तो उसके मुताबिक उक्त दोनों आरोपी आए दिन किसी न किसी बात को लेकर उसके साथ प्रायः मारपीट करते रहते हैं। हालांकि पीड़िता शिवानी सरोज ने सरकार की मिशन शक्ति फेज 5 का हवाला देते हुए महिला सुरक्षा के दृष्टिगत मेजा पुलिस से दोनों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

# नैनी में बायो सीबीजी प्लांट का उद्घाटन महापौर गणेश केसरवानी ने किया





## गीले कूड़े से ईधन बनने से पर्यावरण होगा स्वच्छ : महापौर

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अरैल स्थित बायो सीबीजी प्लांट का उद्घाटन महापौर उमेश चंद्र ने किया। यह प्लांट गीले कूड़े से बायो-कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन करेगा। शहर के पर्यावरण के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। प्लांट की क्षमता से 200 टन कूड़े से 9 टन गैस बनाई जा सकेगी, जो आगे चलकर घरेलू उपयोग में आएगी। अरैल स्थित प्लांट में गीले कूड़े से बन रही बायो सीबीजी (बायो-कंप्रेस्ड बायोगैस) का वितरण शुरू हो गया। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने सोमवार को प्लांट का उद्घाटन करने के साथ हरी झंडी दिखाकर गैस ले जाने वाले वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि कचरे से ईधन बनने का शहर के पर्यावरण को लाभ होगा। महापौर ने कहा कि प्रयागराज स्थेत बायो सीबीजी प्लांट प्रदेश का पहला और देश का दूसरा है। पहला प्लांट देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में संचालित हो रहा है। इस प्लांट में कचरे से गैस बनाना आत्मनिर्भता की ओर बढ़ते कदम का प्रतीक है। समारोह में नगर आयुक्त सीलम साई तेजा ने कहा कि कचरे को अलग करना ही इस परियोजना की सफलता की रीढ़ है। इस काम में पार्षद और नागरिकों की भूमिका अहम है। शहरवासियों के प्रयास से ही प्लांट पूरी क्षमता के साथ काम करेगा। प्रथम चरण में प्लांट 200 टन कूडे से खाद बना सकता है। प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि अभी नगर निगम से प्रतिदिन 100 टन गीला कूड़ा मिल रहा है। इससे चार टन गैस बनाई जा रही है। 200 टन कूड़ा मिलने पर नौ टन गैस बनाई जाएगी। प्लांट में बनने वाली गैस इंडियन ऑयल और अदाणी गैस पाइप लाइन लिमिटेड को आपूर्ति की जाएगी। भविष्य में प्लांट से 343 टन कचरे से गैस बनाई जा सकेगी। पूरी क्षमता से प्लांट का संचालन होने पर यही गैस घरों की रसोई में भी इस्तेमाल की जाएगी। समारोह में महापौर और नगर आयुक्त ने प्लांट के कर्मचारी और सफाई मित्रों को सम्मानित किया। एक नजर में बायो सीबीजी प्लांट - पीपीपी मॉडल पर 25 साल के लिए नगर निगम और एवर इनवायरो के बीच अनुबंध। अरैल में 13 एकड़ भूमि पर बना है प्लांट। प्लांट के निर्माण में 157 करोड़ रुपये हुए खर्च। -पूरी क्षमता से प्लांट के संचालन पर प्रतिदिन 20 टन बायो सीबीजी बनेगी। -बायो सीबीजी से होने वाली कमाई का निध्धारित हिस्सा नगर निगम लेगा।

# राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने सांसद खेल उत्सव का किया शुभारम्भ

## खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी नहीं होने देगें : सांसद अमरपाल मौर्य

अखंड भारत संदेश





**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य द्वारा दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सांसद खेल उत्सव का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि ने सांसद खेल उत्सव का ध्वजारोहण किया और गुब्बारे उड़ाकर खेल स्पर्धा का आरम्भ किया। इस अवसर पर स्नातक एमएलसी अवनीश पटेल, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, राजा अनिल प्रताप सिंह, क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज सहित प्रतिभा सिंह, भाजपा के पार्टी पदाधिकारीगण व विद्यालय के अध्यापक, छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उन्हें शुभकामना दी।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि खिलाड़ियों को खेल सामग्री या संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी, जो भी आवश्यकता होगी उसमें मैं अपने सांसद निधि से उपलब्ध कराऊँगा। जनपद प्रतापगढ़ के गौरव के लिये मैं अपना पूरा योगदान और समर्पण देने का संकल्प लेता हूँ। हमारा उद्देश्य है कि प्रतापगढ़ का हर खिलाड़ी पूरी निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सके। एमएलसी अवनीश पटेल ने कहा कि खेल के आयोजन से कई महत्वपूर्ण चीजों को सीखने का मौका मिलता है, यह सांसद खेल उत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को सामने लाएगा, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे मन और मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि सांसद खेल उत्सव का कार्यक्रम पूरी सफलता और भव्यता के साथ सम्पन्न होगा, खेल के माध्यम से बच्चों में जागरूकता की आयेगी और खिलाड़ियों को समान अवसर मिलेगें। खेल के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभाओं को निखार सकते है। उन्होने इस दौरान सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। अन्त में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कुश्ती, दौड़, कबड्डी, वालीवाल आदि प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड,वॉलीबॉल, कबड्डी का आयोजन हुआ जिसमे 100 मीटर बालिका में पायल प्रथम, शैल मौर्य द्वितीय, अंचित मौर्य तृतीय, 800 मीटर बालक में हंसदीप विश्वकर्मा प्रथम, मनीष द्वितीय, काशान तृतीय, 17 वर्षीय 800 मीटर बालक में अक्षय प्रथम, रिजवान द्वितीय विकास तृतीय, कुश्ती 38 किग्रा बालिका में रिया गिरी प्रथम, स्वाति द्वितीय, 41 किग्रा में आज्ञा पटेल प्रथम, रिया यादव द्वितीय, 45 किग्रा में बबीता प्रथम, आशी द्वितीय, 35 किग्रा में आयुषी प्रथम, इति सिंह द्वितीय, 38 किग्रा में रितेश पांडे प्रथम, 45 किग्रा में हेमंत प्रथम, शिवम द्वितीय, 53 किग्रा में विनीत गुप्ता प्रथम, सागर द्वितीय रहे। कबड्डी 17 वर्षीय बालिका में राजकीय इंटर कॉलेज सराय आना देव विजेता, स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ उपविजेता, 14 वर्षीय बालिका बॉलीबॉल में उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर मांधाता विजेता, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय लक्ष्मणपुर उपविजेता, बालक में बी एस एस एकेडमी विजेता, राजकीय इंटर कॉलेज सराय आना देव उप विजेता, 17 वर्षीय बालक में रानीगंज विजेता, बी एस एस एकेडमी उपविजेता, बालिका में स्पॉटिंग क्लब विजेता, मांधाता उपविजेता रहे। शेष कबड्डी की प्रतियोगिता चल रही हैं।प्रतियोगिता में राम कुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक, मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, सुशील सिंह जिला स्काउट मास्टर, संतोष सिंह सचिव माध्यमिक के देखरेख में तथा मुख्य निर्णायक की भूमिका में खुर्शीद अली, राजेंद्र पांडेय, मनोज भारती, कौशलेंद्र सिंह, सुभाष पांडे, शैलेश सिंह, कमलेश सिंह, आशुतोष सिंह, पंकज सिंह, राम सुख प्रजापति, राजेंद्र यादव, आदित्य त्रिपाठी, मुन्ना, जे पी यादव और निर्णायक पवन सिंह, संजय प्रजापति, विमल कुमार, कपिल देव, विनोद यादव, विनोद कुमार रहे।

## कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बिहार चुनाव में बने स्टार प्रचारक, कार्यकर्ताओं में हर्ष

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी को बिहार प्रांत के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक बनाया गया है। इसकी जानकारी सोमवार को कार्यकताओं को हुई तो उनमें प्रसन्नता का माहौल दिखाई दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बिहार चुनाव में प्रतापगढ़.की आवाज बुलंद करते दिखाई देंगे। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने क्रिकेट विश्व कप में भारतीय महिला टीम के विजेता होने को गौरवपूर्ण कहा है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों ने क्रिकेट का विश्वकप राष्ट्र को समर्पित कर यह साबित कर दिया है कि वह हर क्षेत्र में नामुमकिन को मुमकिन बनाने की क्षमता रखती हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दिया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि दो दिन पूर्व हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया। पिछले दिनों हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान, आलू, तिलहन एवं हरी सब्जियों की फसले नष्ट हो गई है जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने जिला प्रशासन से मांग किया कि कृषि विभाग की टीमों द्वारा सर्वे कराकर फसलों के नुकसान का सटीक आकलन कराया जाए व प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा एवं राहत सहायता प्रदान की जाए। जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में खाद की काला बाजारी जोरो पर खाद की कालाबाजारी करने वाले लाइसेंस धारी मुनाफाखोरो एवं अधिकारियों व कर्मचारियों पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जाए। घेराव में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा नगर अध्यक्ष मो. इश्तियाक मौलाना वाहिद, सुनीता सिंह पटेल सुरेश कुमार सरोज, रियाज सुल्तान, विमल सिंह इन्द्रानंद तिवारी करुण पाण्डेय, मो हुजैफ, माताफेर पाल, विजय प्रताप त्रिपाठी,राहुल मिश्र, प्रभाकांत शुक्ला, पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, आसपुर देवसरा ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पाण्डेय, बाबा बेलखरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो वसीम लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा गौरा ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष राकेश गौतम, बाबागंज ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द सरोज, बिहार ब्लॉक अध्यक्ष मेराज अंसारी, सड़वा चंडिका ब्लॉक अध्यक्ष मो कासिम, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राम कुमार पटेल, मंगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा,मान्धाता ब्लॉक अध्यक्ष मो असलम, गड़वारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ला, सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष शहजाद सलमानी, अरबाज आलम, रवि प्रताप सिंह, मुन्ना लाल यादव, रामरतन तिवारी, बैजनाथ यादव, अभय किशोर त्रिपाठी, आशिक अली अशोक सिंह इंद्रेश सिंह राठौर, मो.सलीम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नवजात की मौत पर परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** पड़ोसी जनपद सुल्तानपुर के गढ़वा खालिसपुर निवासी शुभराजी की बहू अपने मायके पट्टी तहसील क्षेत्र के डाही गांव आई थी। जहां पर प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने गांव की आशा इंदु देवी के साथ सीएचसी पट्टी लाए। सीएचसी में नेहा ने नवजात बेटे को जन्म दिया। जन्म के पश्चात नवजात की हालत गंभीर होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाने की बात कही। परिजन नवजात शिशु को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने जांच के उपरांत नवजात को मृत घोषित कर दिया। नवजात की मौत की खबर पर प्रसूता के साथ ही परिजनों में मातम छा गया। मामले की सूचना मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों को दी तो वह भी सीएचसी पहुंचे। जहां पर तीमारदारों ने आरोप लगाया कि उसकी बहू नेहा यादव पत्नी विकास यादव को रविवार शाम 5 बजे के आसपास प्रसव पीड़ा होने पर पट्टी सीएचसी लाया गया था, जहां पर सोमवार सुबह आसपास उसने बेटे को जन्म दिया। चिकित्सकों की लापरवाही के चलते नवजात बेटे की मौत हो गई। फिलहाल नवजात का शव परिजन लेकर अंतिम संस्कार के लिए घर रवाना हो गए, जबकि प्रसूता का उपचार सीएचसी में चल रहा है।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण प्राकट्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अखंड भारत संदेश



**बेलखरनाथ धाम।** क्षेत्र के रुदापुर गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चैथे दिन भगवान श्री कृष्ण का मंगलमय प्राकट्य उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया।

इस दौरान कथा व्यास स्वामी श्री वल्लभाचार्य जी महाराज ने बताया कि एक समय की बात है जब पृथ्वी पर कंस का अत्याचार बढ़ गया था तब पृथ्वी ने गाय का रूप धारण कर सभी देवताओं के साथ वह ब्रह्मा जी के पास गए।इसके बाद उन्होंने अपनी वेदना ब्रह्मा जी को सुनाई। ब्रह्मा जी ने उन्हें आश्वासन दिया कि शीघ्र ही भगवान नारायण कृष्ण के रूप में ब्रज में अवतरित होने वाले हैं। इसलिए हे देवताओं तुम भी गोप और गोपियों बनकर ब्रज की धरा में चले जाओ।कथा व्यास स्वामी बल्लभाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान दुष्टों का शमन करके अपने भक्तों पर कृपा करेंगे और अपने भक्तों को अपने प्रेम से आह्लादित करेंगे। फिर वह समय आया, जब भगवान श्रीकृष्ण गोकुल में ब्रज की भूमि मथुरा में अवतरित हुए। इसके बाद श्रीकृष्ण गोकुल में ग्वालों के साथ खेल खेलते हैं। वृंदावन में गाय चराते हैं। फिर मथुरा में आकर कंस का उधार कर दुष्टों को मार करके द्वारिका नगरी जाते हैं। भगवान श्री कृष्ण के प्रकार के उत्सव पर मनमोहक झांकी निकल गई। ब्रज के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन पर श्रोता झूमते रहे।इस दौरान मुख्य यजमान हरि राम मिश्रा, अच्छेलाल मिश्र, आयोजक पूर्व निरीक्षक श्रीराम मिश्रा, श्याम लाल विश्वकर्मा, राजू तिवारी प्रभाकर सिंह, रवि मिश्र, घनश्याम शुक्ल, शिव प्रसाद मिश्र सहित तमाम क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## विवादों से नाता रखने वाले पट्टी कोतवाल के तबादले की उठी मांग

**पट्टी।** कोतवाल अभिषेक सिरोही का विवादों से नाता रहा है। जिस भी थाने में तैनाती रही वहां वह विवादों में रहे। जिले में इनके विरुद्ध शिकायत के कई मामले दर्ज हैं। देवबंद सहारनपुर में तैनाती के दौरान दरोगा कुलदीप सिंह की हत्या के मामले में नामजद हो चुके हैं। सरकार की मंशा है कि पीड़ितों को न्याय मिले और पत्रकारों और अधिवक्ताओं के मान-सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित हो। इस संबंध में सरकार ने कई निर्देश जारी किए हैं, लेकिन इन सब आदेशों को पट्टी कोतवाल दरकिनार कर रहे हैं। इनकी कार्यशैली विवादों के घेरे में रही। जिस भी थाने इनकी पोस्टिंग हुई वहां पर इनकी दबंगई से पूरी जनता हैरान परेशान रही। फतनपुर में तैनाती के दौरान इन पर कई तरह के आरोप लगे। फतनपुर में तानाशाही का आलम यह था कि वहां की निवासी मीरा देवी ने इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए न्यायालय की शरण ली है जहां मामला विचाराधीन है। इसी तरह कोतवाली देहात में एक अन्य प्रकरण है जिसमें जांच चल रही है। पट्टी में तैनाती के दौरान अधिवक्ताओं से अभद्रता और विवाद हुआ, जिसमें कई दिनों तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

## वकील पर हमले के आरोपियों पर एसपी ने बढ़ाया ईनाम, हमलावरों की गिरफ्तारी न होने से नाराज वकीलों ने कोर्ट का किया बहिष्कार

**लालगंज।** साथी तीन अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमले में नामजद पाँच आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से सोमवार को वकीलों में नाराजगी देखी गई। अधिवक्ताओं ने न्यायिक काम काज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। वहीं एसपी दीपक भूकर ने हमलावरों पर ईनाम बढ़ाकर पचीस-पचीस हजार कर दिया है। अभी तक सभी पर दस-दस हजार का ईनाम घोषित था। संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व महामंत्री हरिश्चद्र पांण्डेय की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की माँग उठायी। बीती बाइस अक्टूबर को सांगीपुर थाने के बवरिहा गाँव में हमलावरों ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप पांण्डेय व अधिवक्ता अभिषेक तथा अधिवक्ता बालकृष्ण पर हमला बोल दिया था। घटना में प्रधान प्रतिनिधि देवदत्त शुक्ल समेत नामजद पाँच आरोपी फरार चल रहे हैं। इस मौके पर टीपी यादव, राम मोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, केके शुक्ल, अनूप पांण्डेय, राजेश तिवारी, संदीप सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, प्रवीण यादव, सूर्यकांत निराला, संतोष सिंह आदि अधिवक्ता रहे। सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने बताया कि एसपी की ओर से सभी फरार आरोपियों पर ईनाम की धनराशि बढ़ाई गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं।

### आमने-सामने टकराई बाइक युवक घायल, रेफर

**पट्टी।** इलाके के बीबीपुर मोड़ पर बाइक से घर लौट रहे रंजीत गुप्ता (25) निवासी डाही थाना आसपुर देवसरा को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना रविवार रात्रि की बताई जा रही है। वहीं दूसरा बाइक सवार हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। दूसरी घटना में इलाके के सरमा गांव निवासी महेंद्र कुमार (44) बाइक से घर जा रहे थे। पृथ्वीगंज बाजार के निकट आवारा मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें भी रेफर किया गया है।

# आदेश पेड़ों की छटाई का, काट ले गये कीमती पेड़



**पट्टी।** डाली और पत्तियों के छांटने के आदेश की आड़ में वनकर्मियों ने लंबा खेल कर दिया। कस्बे के बाई पास पर स्थित कई हरे शीशम के पेड़ काटकर वन विभाग उठा ले गया। जानकारी करने पर विभागीय जिम्मेदार एक दूसरे के सिर पर ठीकरा फोड़ते नजर आए।

तहसील मुख्यालय पर लगने वाले तीन दिवसीय ऐतिहासिक दशहरे मेले की पूर्व चल रही तैयारी के लिए जिला वन अधिकारी द्वारा सड़क के किनारे पेड़ों की डाल व पल्लव छांटने का आदेश नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल के आग्रह पर दिया। नगर पंचायत कर्मियों एवं वन कर्मियों के संयुक्त अभियान के दौरान यह कार्रवाई चल रही है। कस्बे के बाईपास पर यह कार्रवाई एक बड़े खेल में तब्दील हो गई जहां पटरी से भी कई फीट दूर दशकों पुराने हरे शीशम के पेड़ को इलेक्ट्रिक आरी लगाकर काट दिया गया। मौके पर जड़ के अवशेष इस गोलमाल की गवाही देते नजर आ रहे हैं। इस गोलमाल के पीछे की कहानी यह है की वर्तमान रेंजर भोला दत्त पांडे 31 अक्टूबर को अपने पद से अवकाश ग्रहण कर चुके हैं। नए रेंजर अवध बिहारी जिन्हें लालगंज से आना है वह रविवार होने के कारण उन्होंने अभी अपना कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। वन दरोगा लालचंद यादव के घर ट्रेजेडी होने के कारण वह टीम के साथ नहीं आए। संविदा पर तैनात कुछ कर्मियों को पेड़ की डालियां छांटने के लिए भेजा गया। लेकिन उसकी आड़ में वह लोग लंबा खेल कर चले गए। वन विभाग की ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर डालियां तो गई लेकिन काटे गए शीशम के टुकड़े कहां गए इसका जवाब देने के लिए कोई राजी नहीं है। हरे पेड़ों के लिए पर्यावरण को लेकर मामला पूरी तरह प्रतिबंधित है। फिर भी वनकर्मी बेखौफ होकर नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वन विभाग नगर पंचायत अध्यक्ष से पूछने की बात कर रहा है वहीं जिम्मेदार लोग इससे अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

## पूर्व प्रधान के निधन पर सांसद व विधायक ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** बीजूमऊ ग्राम सभा के पूर्व प्रधान राम आसरे पांडेय का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। निधन पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट किया। वही प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, अधिवक्ता अजय पांडेय, अजय कृष्ण तिवारी आदि ने दुख व्यक्त किया है।

## अज्ञात युवक की शिकायत पुलिस से

**पट्टी।** कोतवाली निवासी युवक ने तहरीर देकर अज्ञात युवक द्वारा फोन करके उसकी बहन की शादी तुडवाने का आरोप लगाते हुए तहरीर पट्टी कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदहा निवासी इमरान पुत्र इदरीशी ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपित किया है कि अज्ञात नंबर द्वारा कोई युवक उसे उसके साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# भगवान भाव के हैं भूखे : आचार्य विद्याधर त्रिपाठी

## कृष्ण के जन्मोत्सव पर झूमे श्रोता

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मान्धाता विकास खण्ड के पनियारी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा वाचक विद्याधर त्रिपाठी मधुप ने कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन किया जिसमें सभी भक्तखूब झूमे और बधाई गीत गाकर उत्सव मनाया।कहा कि श्री कृष्ण भगवान की लीला व भगवान विष्णु के आठवें अवतार थे जिनका जन्म द्वापर युग में मथुरा के में हुआ था। उन्होंने बचपन में कई राजाओं का वध किया और बाद में कंस का वध कर मथुरा को मुक्त कराया तथा द्वारका नगरी की स्थापना की। जहां पर पांडव के सारथी बने और अर्जुन को श्रीमद् भगवत गीता का उपदेश भी दिया। चैथे दिवस की कथा में छप्पन भोग और रूपमणि विवाह के विषय मे बताया श्रद्धालुओं की भीड़ भी उमड़ी इस दौरान मुख्य यजमान गौरी दुबे अरविन्द दूबे वेद प्रकाश दूबे गिरजा शंकर दुबे शिव शंकर दुबे जटाशंकर दुबे लवकुश दुबे लाल दुबे कृष्णानंद द्विवेदी मुकेश दुबे क्षेत्र पंचायत प्रत्याशी रोहित दुबे मीडिया प्रभारी भाजपा रायपुर पवन दुबे अनुराग दुबे दिवाकर दुबे महेंद्र दुबे सुनील दुबे राकेश दुबे दिनेश दुबे राधेश्याम सिंह पत्रकार श्याम दूबे पिंटू दूबे श्रीराम द्विवेदी जटाशंकर दुबे रामचन्द्र दूबे राजकुमार दुबे मुन्ना दुबे आलोक दुबे राजू दुबे कड़े दिन सिंह भागीरथी सिंह मुन्ना सिंह मनीष सिंह प्रधान प्रत्याशी पनियारी मिंटू सिंह ठेकेदार विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल भाजपा नेता विन्देश्वरी तिवारी समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# विकास का केरल मॉडल, द रियल केरल

**दो** दिन पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के बड़े ऐलान के साथ पूरे पन्ने के विज्ञापन अखबारों में प्रकाशित हुए। ऐलान यह था कि केरल भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जो गरीबी से पूरी तरह मुक्त हो गया है। 1 नवंबर शनिवार को राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर बाकायदा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सरकार ने इस खास उपलब्धि का जिक्र जनता के बीच किया। केरल में देश की एकमात्र वामपंथी सरकार है और इस सरकार ने अपने यहां घोर गरीबी को पूरी तरह खत्म करने का दावा किया है। केरल ने 64 हजार लोगों को बेहद गरीबी से बाहर निकालकर ये उपलब्धि हासिल की है। हालांकि, विपक्ष ने इस घोषणा को धोखा बताया है और विधानसभा के विशेष सत्र बुलाने की भी आलोचना की।

विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि यह घोषणा एक 'कपटपूर्ण घोषणा' है और सभी अखबारों में इसके विज्ञापन दिए गए हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि यह निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया था और यह कोई गुप्त मामला नहीं था। विशेष सत्र इसलिए बुलाया गया, क्योंकि विधानसभा द्वारा जनता को इस उपलब्धि के बारे में सूचित करना उचित समझा गया। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि, 'सरकार केवल उन कार्यों की बात करती है जो पूरे हो चुके हैं। जनादेश का आधार किए गए वादों को पूरा करना है, जो हासिल हुआ है उसे बनाए रखने के लिए कदम उठाए जाते रहेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जो लोग अत्यधिक गरीबी से उबर चुके हैं, वे फिर से गरीबी में न फंसें। केरल देश के सामने एक नया मॉडल पेश कर रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि देश के अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श होगी। मुख्यमंत्री ने अपने आधे घंटे के संबोधन में कहा, 'यह अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है।' वहीं अध्यक्ष ए. एन. शमसीर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सभी सदस्यों को बधाई दी और कहा कि केरल समाज के सभी वर्गों को संसाधन वितरित करके सामाजिक प्रगति-उन्मुख विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विधानसभा अध्यक्ष के बयान में समाज के सभी वर्गों के बीच संसाधनों का वितरण और समाज की प्रगति का जो जिक्र किया गया है, वह आज के दौर में खास गौर फरमाने लायक बात है। क्योंकि देश को अब इस बात पर खुश होने कहा जाता है कि गिनती के उद्योगपति दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में आ गए हैं। आर्थिक हैसियत में अंतर की खाई देश में बढ़ती जा रही है, लेकिन इस पर राज्य सरकारों या केंद्र सरकार ने कोई गंभीर चिंतन किया हो, उसके कारण समझने की कोशिश की हो, ऐसा याद नहीं पड़ता। गरीबों के और गरीब होने की सबसे बड़ी वजह यही है कि संसाधनों पर कुछ लोगों का कब्जा हो गया है, जिससे उन्हें अपनी दौलत को बढ़ाने के पर्याप्त मौके मिल रहे हैं। सरकार निजी क्षेत्रों की भागीदारी वाले विकास मॉडल के नाम पर कुछ उद्योगपतियों को वो सारे संसाधन सौंप चुकी है, जिनका सही इस्तेमाल करना असल में सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार ने अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा नहीं किया, तो गरीबों को इसका नुकसान उठाना पड़ा।

# घोषणा-पत्र: लोकतंत्र का सशक्त हथियार या चुनावी छलावा?

**-ललित गर्ग-**

**बिहार** विधानसभा चुनाव में दोनों ही गठबंधनों ने बढ़-चढ़कर लोकलुभावनी और जनता को आकर्षित या गुमराह करने वाली घोषणाओं से जुड़े चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं। इन घोषणा पत्रों में जिस तरह की घोषणाएं की गई हैं, वे निश्चित रूप से अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। यह प्रश्न अब गंभीर हो गया है कि क्या घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ यानी चुनाव का सबसे सशक्त हथियार बन चुके हैं या चुनावी छलावा? निश्चित ही यह जनता को रिझाने और प्रभावित करने का प्रमुख माध्यम बन गया है, परंतु सत्ता में आने के बाद कितने राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्रों का अक्षरशः पालन किया है, यह बड़ा सवाल है। वास्तव में घोषणा पत्र किसी दल का दृष्टिपत्र होता है, जो उसके विचारों, उद्देश्यों और संकल्पों का सार्वजनिक दस्तावेज है। यह बताता है कि दल सत्ता में आने के बाद राज्य या देश की दिशा कैसी तय करना चाहता है, किन मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहता है और विकास की कौन सी राह पर चलना चाहता है। घोषणा पत्रों में किए गए वादों को लेकर परस्पर विरोधी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तो छिड़ता है, लेकिन उन्हें लेकर वैसी सार्थक बहस नहीं हो पाती, जैसी विकसित देशों में होती है और जिसके आधार पर वहां स्वस्थ जनमत तैयार करने में मदद मिलती है। हैरानी नहीं कि अपने यहां चुनावी घोषणा पत्र अपनी महत्ता खोते जा रहे हैं। लोकतंत्र में घोषणा पत्र की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह मतदाताओं के लिए जानकारी और निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है। यह राजनीतिक दलों की जनता के प्रति सार्वजनिक प्रतिज्ञा होती है, एक तरह की जवाबदेही का प्रतीक। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय लोकतंत्र में यह जवाबदेही सिर्फ कागजों पर ही रह गई है। अधिकांश दल चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्रों को भूल जाते हैं। मतदाता भी अपने वोट के बदले वादों की पूर्ति का हिसाब नहीं मांगते। परिणामस्वरूप घोषणा पत्र एक औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बनकर रह गए हैं। इतिहास पर नजर डालें तो अधिकांश घोषणाओं का पालन आधा-अधूरा ही हुआ है। राजस्थान में पिछली सरकार ने अपने घोषणा पत्र के लगभग 64 प्रतिशत वादे पूरे किए, जबकि कर्नाटक में सिर्फ तीन प्रतिशत वादे ही पूरे हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि घोषणा पत्र को गंभीरता से न तो दल लेते हैं, न जनता। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से सवाल करे और जवाब मांगे। घोषणा पत्रों की एक बड़ी समस्या यह है कि उनमें की गई घोषणाएं वित्तीय दृष्टि से असंभव होती हैं। जनता को खुश करने के लिए ऐसे वादे किए जाते हैं जिनके लिए न तो संसाधन हैं, न कोई ठोस योजना। कोई कानूनी प्रावधान भी नहीं है कि दल अपने वादे पूरे न करने पर जवाबदेह बने। यही कारण है कि चुनाव के बाद घोषणाएं भुला दी जाती हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में देखें तो एनडीए और महागठबंधन दोनों ने अत्यधिक आकर्षक और लोकलुभावन वादों से भरे घोषणा पत्र जारी किए हैं। एनडीए ने अपने ह्यसंकल्प पत्रह्न में एक करोड़ नौकरियों का वादा किया है, महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता, हर जिले में कौशल केंद्र, किसानों के लिए नौ हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि और सात नए एक्सप्रेस-मार्गों के निर्माण की बात कही है। वहीं महागठबंधन ने अपने ह्यतेजस्वी प्रणह्न में प्रत्येक परिवार को




सरकारी नौकरी देने, महिलाओं को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता, पच्चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी और मंडियों की बहाली जैसे बड़े वादे किए हैं। दोनों घोषणाओं में एक बात समान है- वे अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी और जन-लोभक हैं। नौकरियों, मुफ्त बिजली, नकद सहायता और भारी निवेश की घोषणाएं सुनने में तो आकर्षक लगती हैं, पर इनकी व्यावहारिकता संदिग्ध है। बिहार जैसे राज्य में, जहां संसाधन सीमित हैं और रोजगार की स्थिति जटिल है, इन वादों को लागू करना आसान नहीं है। घोषणाओं में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इतने बड़े खर्चों का वहन कैसे होगा, कौन-से विभाग या योजनाएं इनका संचालन करेंगे और कब तक परिणाम दिखेंगे।

इन घोषणा पत्रों में जनकल्याण की भावना अवश्य है, परंतु वह यथार्थ से अधिक कल्पना पर आधारित लगती है। बिहार की वास्तविक समस्याएं- शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रवासी मजदूर, कृषि संकट, रोजगार और उद्योगों का अभाव, इनका समाधान केवल लोकलुभावन वादों से नहीं होगा। आवश्यक है कि दल घोषणाएं करने से पहले उनकी वित्तीय और प्रशासनिक व्यवहार्यता का गंभीर अध्ययन करें। राजनीति में घोषणा पत्रों का उपयोग अब एक चुनावी हथियार के रूप में हो रहा है, न कि जनसेवा की प्रतिबद्धता के रूप में। मतदाता को भी जागरूक होना होगा कि वे केवल वादों से प्रभावित न हों, बल्कि यह जानने की कोशिश करें कि पिछले चुनावों में किए गए वादों में से कौन-से पूरे हुए। मीडिया और सामाजिक संस्थाओं को भी यह दायित्व निभाना चाहिए कि वे चुनावों के बाद घोषणाओं की निगरानी करें, ताकि दल जवाबदेह बने। घोषणा पत्र तभी सार्थक होंगे जब उनमें किए गए वादे मापनीय, समयबद्ध और संसाधन-सिद्ध हों। दलों को चाहिए कि वे घोषणाओं को नारेबाजी के बजाय ठोस योजनाओं में बदलें। यह भी आवश्यक है कि चुनाव आयोग इस दिशा में कोई नीति बनाए ताकि असंभव और अव्यावहारिक वादों से जनता को भ्रमित न किया जा सके।

ऐसे में विमर्श का विषय यह है कि क्या हमें यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादे को वास्तविक रूप में पूरी तरह से लागू किया जाए? दरअसल चुनावी घोषणा-पत्र अनिवार्य रूप से उन नीतियों की एक सूची है जो एक राजनीतिक दल के द्वारा चुनाव के समय जनता के समक्ष अपने इरादों, उद्देश्यों या विचारों को चुनावी घोषणा-पत्र के रूप में प्रकाशित करती है। मतदान के बाद यदि वह पार्टी सत्ता में आती है तो उन नीतियों पर काम करेगी, ऐसा इसमें कहा जाता है। प्रत्यक्ष रूप से यह चुनाव घोषणा-पत्र एक विजन डाक्यूमेंट है। इसलिए यह घोषणा-पत्र वैधानिक और कानूनी रूप से लागू करने वाला एक योग्य दस्तावेज बनना चाहिए। निश्चित रूप से चुनावी घोषणा-पत्र मतदाताओं के लिए निर्णय लेते समय राजनीतिक दलों के शासन के एजेंडे को उनके विचारों को मापने का एक सशक्त माध्यम है। यह भी कहा जा सकता है कि मतदान लेन-देन के जैसा है। एक बार जब चुनावी वादों पर वोट दिए जाते हैं तो यकीनन इसे एक कानूनी अनुबंध माना जाना चाहिए। जब कोई पार्टी चुनाव जीत कर सत्ता में आती है तो सवाल उठता है कि क्या वह घोषणा-पत्र जो एक अनुबंध का रूप ले चुका है, उसे लागू होना चाहिए या नहीं? जिस सामाजिक अनुबंध सिद्धांत के तहत सरकारें चुनी जाती हैं, क्या किए गए वादों को पूरा करने के संदर्भ में उनकी जवाबदेही तय नहीं होनी चाहिए? चुनाव आयोग को भी इस बारे में नए सिरे से विचार करना चाहिए, ताकि इसका कुछ ठोस समाधान किया जा सके।

निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ में जनता को प्रभावित करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं, परंतु जब तक वे केवल वादों की झड़ी बने रहेंगे और उनके पालन की कोई बाध्यता नहीं होगी, तब तक यह लोकतंत्र की सार्थकता को अधूरा रखेंगे। बिहार के दोनों गठबंधनों के घोषणा पत्र लोकतांत्रिक उत्सव की चमक तो बढ़ाते हैं, पर उनका सच समय के साथ ही सामने आएगा कि वे जनता की उम्मीदों को पूरा करते हैं या सिर्फ चुनावी छलावे साबित होते है।

# केरल में विपक्ष द्वारा एलडीएफ में दरार डालने की कोशिश नाकाम

**पी. श्रीकुमारन**

**भाकपा** इस बात से भी नाखुश है कि सरकार ने कैबिनेट या एलडीएफ समन्वय समिति को विश्वास में लिए बिना ही इस पर हस्ताक्षर कर दिए। भाकपा के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने योजना पर हस्ताक्षर करने पर पार्टी की नाखुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह 'जल्दबाजी' में लिया गया निर्णय गठबंधन की नैतिकता का उल्लंघन है। केरल में विपक्ष द्वारा पीएम श्री योजना को लेकर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में दरार डालने की एक दृढ़ कोशिश विफल हो गई है। यह कोशिश एलडीएफ सरकार को बदनाम करने और एलडीएफ के प्रमुख सहयोगियों, माकपा और भाकपा के बीच दरार पैदा करने के लिए की गई थी। इस प्रयास का वही हश्र हुआ जो एलडीएफ सरकार को अस्थिर करने के कई पूर्व प्रयासों का हुआ था। हताश विपक्ष- कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) और भाजपा- केरल सरकार द्वारा राज्य में स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए अनुमानित 1446 करोड़ रुपये की पीएम श्री योजना पर हस्ताक्षर करने के बाद राजनीतिक लाभ उठाने के लिए झपट पड़े। विपक्ष को लगा कि दिसंबर में होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों से ठीक पहले एलडीएफ सरकार को बदनाम करने का एक शक्तिशाली हथियार उसके हाथ लग गया है। लेकिन सत्तारूढ़ मोर्चे के मजबूत बचाव के सामने यह कवायद नाकाम रही। विपक्ष पीएम श्री योजना पर हस्ताक्षर करने के फैसले पर भाकपा की आपत्तियों का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा था। भाकपा ने सही ही महसूस किया कि यह योजना 'संघ-विरोधी और प्रतिक्रियावादी' राष्ट्रीय शिक्षा नीति से आंतरिक रूप से जुड़ी हुई है।

पार्टी का मानना था कि पीएम श्री योजना के प्रति प्रतिबद्धता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का पालन करने के समान होगी, जो 'सबके लिए एक ही तरह का' शिक्षण ढांचा निर्धारित करके सांस्कृतिक, नैतिक और भाषाई विविधताओं को नकार कर शिक्षा का भगवाकरण और केंद्रीकरण करना चाहती थी। भाकपा सूत्रों के अनुसार, पार्टी के मंत्रियों ने पीएम श्री योजना में पंजीकरण को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त की थीं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे अन्य राज्यों ने इस योजना पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है और केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की स्वीकृति से जोड़ने के प्रयास पर अपनी शंका व्यक्त की है। भाकपा इस बात से भी नाखुश है कि सरकार ने कैबिनेट या




एलडीएफ समन्वय समिति को विश्वास में लिए बिना ही इस पर हस्ताक्षर कर दिए। भाकपा के राज्य सचिव बिनॉय विश्वम ने योजना पर हस्ताक्षर करने पर पार्टी की नाखुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह 'जल्दबाजी' में लिया गया निर्णय गठबंधन की नैतिकता का उल्लंघन है। माकपा ने भाकपा द्वारा व्यक्त की गई आशंकाओं को दूर करने के लिए तुरंत बातचीत शुरू की। केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने मामले को स्पष्ट करने के लिए बिनॉय विश्वम से मुलाकात की और कहा कि सौहार्दपूर्ण बातचीत से स्थिति स्पष्ट करने में मदद मिली है। इस बीच, माकपा महासचिव एम. ए. बेबी ने दिल्ली में अपने भाकपा समकक्ष डी. राजा से मुलाकात की। राजा ने कहा कि उन्होंने और बेबी ने केरल में अपनी-अपनी इकाइयों से समझौता ज्ञापन की समीक्षा करने और एक ऐसा मध्यमार्ग निकालने को कहा है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर वामपंथियों की राष्ट्रीय नीति से समझौता न करे। इस फैसले का बचाव करते हुए, शिवनकुट्टी ने इसे केंद्र सरकार द्वारा राज्य को स्कूली शिक्षा के लिए धन देने से इनकार करने की स्थिति से निपटने के लिए एक रणनीतिक कदम बताया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि केरल शिक्षा के माध्यम से संघ परिवार के एजेंडे को लागू करने की केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि सरकार समग्र शिक्षा और अन्य परियोजनाओं के लिए धन छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकती, खासकर जब राज्य गंभीर वित्तीय संकटों का सामना कर रहा हो। उन्होंने यह भी बताया कि जब राज्य को 2023 में केंद्रीय धन प्राप्त हुआ था, तब भी उसने केवल राज्य के हितों और शिक्षा सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए ही योजनाओं को लागू किया था। मंत्री ने जोर देकर कहा कि इस स्थिति में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके अलावा, उच्च शिक्षा विभाग ने इस शर्त पर पीएम-उषा योजना के लिए हस्ताक्षर किए थे कि एनईपी लागू की जाएगी। फिर भी राज्य सरकार ने एक उच्च शिक्षा समिति की सिफारिशों पर केवल अपने दृष्टिकोण को ही लागू किया है। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय नीति का 30 प्रतिशत भी लागू नहीं हुआ है। इसके अलावा, राज्य ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, शिक्षक सशक्तिकरण, शत-प्रतिशत नामांकन और त्रि-भाषा सूत्र जैसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को वर्ष 2020 से बहुत पहले ही लागू कर दिया था। उन्होंने इस बात से पुरजोर इनकार किया कि इस योजना पर हस्ताक्षर करने से पाठ्यक्रम का सांप्रदायिकीकरण होगा। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पाठ्यक्रम को अंतिम रूप राज्य ही देगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में ही एक प्रावधान है ।

जिसमें कहा गया है कि राज्य पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, और राज्य बिना किसी बदलाव के राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू करने के लिए बाध्य नहीं हैं। राज्य भाकपा सचिव ने शिवनकुट्टी के इस बयान का स्वागत किया है कि एलडीएफ सरकार केरल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू नहीं करेगी।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य केंद्र को केरल के धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील शिक्षण में विज्ञान का खंडन, इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और संघ परिवार के बहुसंख्यक राष्ट्रवाद को शामिल करने की अनुमति नहीं देगा, जो देश की भाषाई, धार्मिक, सांस्कृतिक और जातीय विविधताओं को नकारता है। सर्वोच्च न्यायालय का एक निर्णय भी है जो कहता है कि राज्य एनईडीडब्ल्यू को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए बाध्य नहीं हैं। इस साल मई में अपने फैसले में, सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि राज्यों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यह फैसला तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू करने का निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आया था। जून में अपने फैसले में, मद्रास उच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया था कि शिक्षा के लिए केंद्रीय निधि जारी करने को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन पर सशर्त नहीं बनाया जा सकता। एलडीएफ ने कांग्रेस पर नरेंद्र मोदी की पीएम श्री योजना का विरोध करके सबसे घटिया पाखंड करने का आरोप लगाया है। एलडीएफ ने कहा कि राजस्थान में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने बिना किसी विरोध के राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू कर दी थी।

कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना ने भी ऐसा ही किया है। यह वास्तविकता है कि कांग्रेस को केरल सरकार से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के बारे में पूछने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। अंततः, यह कहा जा सकता है कि इस मुद्दे से राजनीतिक लाभ उठाने के विपक्ष के प्रयास विफल होने ही वाले हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर अपनी राष्ट्रीय नीति से समझौता किए बिना केंद्रीय निधि प्राप्त करने की कोशिश करने के लिए केरल सरकार को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि भाकपा और माकपा के बीच दरार पैदा करने की विपक्ष की कोशिशें नाकाम हो गई हैं।

# बिहार चुनावः अस्पष्ट मुद्दे, अविश्वसनीय नेतृत्व

**अरविन्द मोहन**

**यह** आलेख एक मायने में राहुल गांधी की राजनीति के खास चरित्र और बिहार चुनाव की अब तक बनी स्थिति को समझने का प्रयास है। जिस राजनीति में हर चुनावी सभा लाखों-करोड़ों का खर्च मांगती है उसमें भी बिहार में राहुल की ज्यादातर सभाएं बिना धन खर्च की हुईं और जगह-जगह यह स्थिति रही कि उनमें पैर रखने जगह नहीं थी। वोट चोरी के साथ राहुल जिस तरह अति पिछड़ों, दलितों और महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठा रहे थे।

बिहार में मतदान से पहले 12 राज्यों की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का चुनाव आयोग का फैसला सिर्फ प्रशासनिक और रूटीन काम का विस्तार लगने से ज्यादा एक राजनैतिक चुनौती वाला लगता है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है, बिहार के पुनरीक्षण को लेकर हजारों आपत्तियां पड़ी हैं, अदालती आदेश से इस कार्यक्रम में दसियों बदलाव हुए और अदालत की प्रतिकूल टिप्पणियों की संख्या भी अच्छी खासी रही। इन सबके बावजूद और बिना ज्यादा बदलाव के इस काम का विस्तार करना आयोग के आत्मविश्वास से ज्यादा हठधर्मिता लगती है। और जाहिर तौर पर इसको ताकत उसे बिहार में पुनरीक्षण विरोधी अभियान अर्थात कथित वोट चोरी रोकने के आंदोलन की हवा निकालने से मिली है। ठीक ठाक जोर पकड? के बाद यह अभियान आयोग द्वारा दिखाई जा रही अशिष्टता, भाजपा-जदयू द्वारा उससे चार कदम आगे बढ़ाकर घुसपैठ जैसे मुद्दों को उठाने, अदालत द्वारा कराए गए भूल-सुधार से भी ज्यादा वोट चोरी अभियान के नायक राहुल गांधी के 'गायब' होने और उनके सारथी तेजस्वी यादव द्वारा की गई गलतियों से आज ठंडा पड़ गया है और विपक्ष चुनाव में उलझा हुआ है। इस चुनाव में वोट चोरी कोई बड़ा मुद्दा नहीं लगता-पलायन, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था(जंगल राज) उससे बड़े मुद्दे लगते हैं और यह तब है जब कर्नाटक में वोट चोरी के मामलों को उससे जुड़े विशेष जांच दल ने सही पाया है। यह आलेख आयोग के मौजूदा फैसले को लेकर नहीं है, जबकि यह फैसला बिहार के वोटरों को कुछ बताने के लिए जरूर है। यह आलेख एक मायने में राहुल गांधी की राजनीति के खास चरित्र और बिहार चुनाव की अब तक बनी स्थिति को समझने का प्रयास है। जिस राजनीति में हर चुनावी सभा लाखों-करोड़ों का खर्च मांगती है उसमें भी बिहार में राहुल की ज्यादातर सभाएं बिना धन




खर्च की हुईं और जगह-जगह यह स्थिति रही कि उनमें पैर रखने जगह नहीं थी। वोट चोरी के साथ राहुल जिस तरह अति पिछड़ों, दलितों और महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठा रहे थे, आरक्षण की सीमा बढ़ाने की बात करते थे और जिस दिलेरी से मोदी सरकार के कामकाज की आलोचना करते थे उससे उनके प्रति एक खास सहानुभूति दिखती थी जो बाद में प्रियंका गांधी की रैलियों में भी दिखी। विपक्ष भी घबराया था और उसने राहुल के आगे तेजस्वी के नतमस्तक होने का मसला उठाया और कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने भी उसका लाभ गठबंधन में ज्यादा और अच्छी सीटें हासिल करने का प्रयास करने के रूप में उठाया। लेकिन जब तक यह सब परिणाम निकले तब तक संवादहीनता, टिकट बेचने के आरोप, राहुल-प्रियंका के बिहार मामलों से एकदम हाथ झाड़ लेने और बिहार के प्रभारी अलावरू को किनारे करने तथा लालू-तेजस्वी के आगे सरेंडर करने में जैसी घटनाओं का पूरा क्रम दिख गया। कांग्रेस के टिकट बिके लेकिन अलावरू उसमें शामिल थे यह कम लोग मानते है, फिर भी उनकी विदाई तो हुई ही। टिकट जदयू को छोड़कर हर दल में बिके-उसमें आरोप-प्रत्यारोप चले और महागठबंधन के टिकटों में लालू परिवार का जोर चला। तेजस्वी और राजद की जो स्थिति है उसमें यह स्वाभाविक था। लेकिन तेजस्वी नेता घोषित होने के लिए क्यों बेचैन हुए, पप्पू यादव और कन्हैया जैसों से क्यों चिढ़ते/डरते हैं और गठबंधन की अगुआई करते हुए क्यों नहीं चीजों को समेटने का काम किया? यह समझना मुश्किल है। अब अगर उनको हर घर में सरकारी नौकरी देने या जीविका दीदियों वगैरह को स्थायी काम देने या बिहार में उद्योग लगाने जैसा कार्यक्रम चुनाव जिताऊ और ज्यादा बढि?ा लगता है तो उन्होंने राहुल के वोट चोरी कार्यक्रम के समय ही इस मसले को क्यों नहीं उठाया। वे तब तो उनका सारथी बनकर भी निहाल थे। अति पिछड़ों की बात करके टिकट देने में अहीर और कुशवाहा पर जोर देना और मुसलमानों को निराश करना भी समझ न आने वाला फैसला है। सबसे पुराने अखाड़ेबाज लालू यादव की देखरेख के बावजूद यह सब कैसे हुआ समझना मुश्किल है।

इस मामले में नीतीश कुमार ने चौंकाया। कमजोर और बीमार होने के शोर के बीच वे पर्याप्त सक्रिय दिखे और उनके यहां सीनियर लोगों को टिकट देने के साथ ही कम से कम हंगामा हुआ। उनके सरकार की उपलब्धियां उनके साथ ही भाजपा और लोजपा के लिए भी सहारा बनी हुई हैं। पिछली बार लोजपा और उसके पीछे खड़ी भाजपा ने उनकी छवि बिगाड? का प्रयास किया था- इस बार आम लोगों में उनके प्रति सहानुभूति होने से लेकर भाजपा और लोजपा में भी उनका ही भरोसा रह जाने का भाव भी दिखता है। प्रशांत किशोर ने भाजपा के पांच शीर्ष नेताओं और उनके दुलारे मंत्री के कारनामे सामने करके उनके नेतृत्व को ज्यादा मजबूत बना दिया है। भाजपा भले उनको अगला मुख्यमंत्री घोषित न करे लेकिन चुनाव उनके सहारे ही लड?ा उसकी मजबूरी है। खुद प्रशांत सारी रणनीतिक समझ रखते हुए क्यों घोषणा करके तेजस्वी से लड? नहीं गये यह उनके पूरे अभियान पर भारी पड़ गया। अगर कांग्रेस और महागठबंधन को अब वोट चोरी याद नहीं रहा और चुनाव जिताऊ मुद्दा समझ नहीं आता तो यह मुश्किल भाजपा और एनडीए के लिए और बढ़ी है।

नीतीश कुमार शासन के बीस साल की उपलब्धियों की जगह उससे पहले के पंद्रह साल के राजद शासन(जिसे भाजपा जंगल-राज बताती है) को चुनावी मुद्दा बनाने का कितना लाभ होगा कहना मुश्किल है। पिछली बार तक राजद के 'गुंडाराज' का डर दिखाना लाभकर था तो पहले सांप्रदायिक ध्रुवीकरण भी हुआ और उससे भाजपा को लाभ मिला। इस बार अभी तक ध्रुवीकरण के सारे प्रयास हवाई ही लगते हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यात्राओं से भी खास लाभ नहीं दिखाता। उनके शासन को लेकर एक प्रशंसा-भाव है ।

# भीषण सड़क हादसा में बोलेरो और रोडवेज बस की टक्कर में 4 की दर्दनाक मौत, 4 गंभीर



● बर्थडे जश्न बना मातम



मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** झांसी-मिजार्पुर नेशनल हाईवे पर रविवार रात खोह गांव के पास हुआ भीषण सड़क हादसा पूरे इलाके को झकझोर गया। सीतापुर चौकी क्षेत्र के कैंप का पुरवा निवासी राजा भैया (40) अपनी पत्नी शोभा (35), बेटे मोहित (14), छोटे बेटे सुभाष (7), बेटी संध्या (14) और साथ में अर्जुन प्रसाद के बेटे रोहित (24) व ओमकार के बेटे अर्जुन के साथ बोलेरो में कर्वी जा रहे थे। यह परिवार जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर लौट रहा था। तभी कर्वी की ओर से प्रयागराज जा रही रोडवेज बस से बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बोलेरो सवार मोहित, सुभाष और रोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। घटना में 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें पुलिस ने तुरंत एम्बुलेंस से जिला अस्पताल और स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो की तेज रफ्तार और नियंत्रण खोने के कारण यह भीषण दुर्घटना हुई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही एसपी अरुण कुमार सिंह सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों की सुरक्षा एवं इलाज सुनिश्चित किया। इस दर्दनाक हादसे ने न सिर्फ परिवार के लिए मातम का माहौल पैदा किया, बल्कि पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर कड़ा चिंता का संकेत दिया। वहीं सीएम योगी ने सोशल नेटवर्क के माध्यम से घटना का संज्ञान लेते हुए संवेदना व्यक्त किया है।

### प्रशासनिक अमले का स्थलीय निरीक्षण

जिले के विकासखंड कर्वी के खोह में हुए भीषण सड़क हादसे के तुरंत बाद एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस और एम्बुलेंस टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यक्तियों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। हादसे में शामिल सभी लोग गढ़ीवा गांव के निवासी हैं। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार बताया गया है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और एसपी सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया और नेशनल हाईवे पर सुरक्षा के लिए झरिया कटवाने, ब्लैक स्पॉट पर साइनेज, डिवाइडर और ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज, राहत और बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का आदेश दिया और घायलों के स्वास्थ्य लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### वाहनो के फिटनेस पर बोले आरटीओ

एआरटीओ राम सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बोलेरो गाड़ी के सभी कागजात, फिटनेस और रजिस्ट्रेशन सही था, वहीं रोडवेज बस का भी फिटनेस वैध था। कहा कि गाड़ी की टक्कर के बाद स्थिति इतनी भयानक थी कि अगर सेफ्टी बेल्ट भी लगी होती, तो भी शायद कोई बच नहीं पाता।




यातायात रैली निकालते पुलिसकर्मी

# जिले में सड़क सुरक्षा का शंखनाद- हरी झंडी दिखाकर निकाली यातायात रैली

**चित्रकूट।** जनता की सुरक्षा और सड़क अनुशासन के संकल्प के साथ चित्रकूट में यातायात माह नवम्बर-2025 का शुभारंभ जोरदार उत्साह के साथ हुआ। सोमवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक ने जनप्रतिनिधियों के साथ बस स्टैंड कर्वी से यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पूर्व सांसद आरके पटेल और भैरो प्रसाद मिश्र भी मौजूद रहे। रैली में स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेटों और पुलिस कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रकूट इंटर कॉलेज, जेएम पब्लिक इंटर कॉलेज और निर्मला देवी निकेतन के छात्रों को यातायात का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया, जिन्होंने शहरवासियों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशे में वाहन न चलाने और मोबाइल से दूरी बनाने का संदेश दिया। बस स्टैंड से शुरू हुई यह रैली धनुष चौराहा, पटेल तिराहा, घुस मैदान और पुरानी कोतवाली होते हुए पुनः बस स्टैंड पर समाप्त हुई। डीएम और एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की ढाल है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, समाजसेवी केशव शिवहरे, और यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी व नागरिक मौजूद रहे।

# बेमौसम बरसात ने तोड़ी किसानों की कमर, कुशल सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस उतरी मैदान में

● कांग्रेस ने सरकार को घेरा, मुआवजा की मांग

● किसानों की लड़ाई सड़क से सदन तक

**अखंड भारत संदेश**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सोमवार को कांग्रेस कैंप कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने ऐलान किया कि जिले की दोनों विधानसभाओं की ग्राम पंचायतों में नियुक्त बीएलओ की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर नई मजबूती मिलेगी। बैठक के बाद जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी उप जिलाधिकारी (सदर) सौरव यादव को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। ज्ञापन में पिछले दो दिनों की बेमौसम बरसात से किसानों को हुई भारी तबाही का विस्तृत ब्यौरा देते हुए राज्यपाल को अवगत कराया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और वर्तमान सरकार से अपेक्षा करती है कि वह त्वरित सर्वे कराकर किसानों को तत्काल मुआवजा और राहत सहायता प्रदान करे। जिला महासचिव विजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि बेमौसम बारिश ने खेतों में खड़ी धान और अन्य फसलों को तबाह कर दिया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। इस मौके पर अनिल कुमार गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, कामता द्विवेदी, यमुना शुक्ला, महेंद्र पटेल सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। कांग्रेस ने साफ कहा है- किसानों की फसलों का सही मूल्यांकन और त्वरित मुआवजा ही न्याय की असली पहचान है।

# गरीबी के बीच उम्मीद की किरण- बिल्लू विधायक बने शिक्षा और सेवा के सारथी

● शिक्षा, भोजन और कपड़ों की मुहिम

● बिल्लू विधायक बने गरीबों की आवाज



**चित्रकूट।** जब समाज में स्वार्थ और प्रतिस्पर्धा का शोर गूंज रहा है, तब चित्रकूट की धरती से एक नौजवान ने मानवता की नई इबारत लिख दी है। राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश मंत्री बिल्लू विधायक ने गरीब और असहाय बच्चों के लिए शिक्षा, भोजन और कपड़ों की एक अनूठी मुहिम की शुरूआत की है। रुक्मिणि सेवा संस्थान के सहयोग से अब तक 100 जरूरतमंद बच्चों को किताबें, कॉपियां और आवश्यक सामग्री दी गई है। बिल्लू विधायक का कहना है कि शिक्षा ही असली आजादी है, और सेवा ही सच्ची राजनीति। उन्होंने साबित किया है कि नेतृत्व कुर्सी से नहीं, हौसले और संवेदना से जन्म लेता है। गढ़वारा की मिट्टी से उठे इस जुझारू युवा ने समाज को वह सीख दी है, जो किताबों से नहीं, कर्मों से मिलती है। गरीबी के बीच पले-बढ़े बिल्लू विधायक खुद संघर्ष की संतान हैं। आज वही नौजवान हर जरूरतमंद के साथ खड़ा है- चाहे बच्चा हो, महिला या वृद्ध। उनके साथ खड़े साथियों- कृष्णा तिवारी, आदेश उपाध्याय, नीरज यादव, कुलदीप त्रिपाठी, तुषार भट्ट, सुरेश पांडे, मोहित पांडे, प्रकाश मिश्रा, अरविंद मिश्रा और अन्य कार्यकताओं- ने इस अभियान को जनांदोलन का रूप दिया है।

# आसमान ने बरसाई आफत- किसानों की 80 प्रतिशत फसल तबाह, कलेक्ट्रेट में उमड़ा हाहाकार

● डीएम ने दिया आश्वासन

● कहा- हम बर्बाद हो गए साहब

**अखंड भारत संदेश**



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देते भारी संख्या में मौजूद किसान

**चित्रकूट।** बेमौसम बारिश ने किसानों की मेहनत और उम्मीदों दोनों को डुबो दिया है। जिले के ग्राम मंगरहाई, अहीरा, बाबूपुर, चकौंध, छछेरिहा, आनंदपुर, इटवा, देऊधा, खंडेहा, शिवपुरी, तौरा संग्रामपुर, खोही और इटौरा कपना समेत दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसान सोमवार को कलेक्ट्रेट कर्वी पहुंचे और जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से मिलकर अपनी बरबाद फसल का मुआवजा मांगा। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में अब धान नहीं, बल्कि सड़न और पानी की बदबू तैर रही है। अजय सिंह, मणिशंकर सिंह, दीपक, देवनारायण और इंद्रजीत जैसे किसानों ने बताया कि उनकी लगभग 80 प्रतिशत फसल सड़ चुकी है। खेतों में धान के अंकुर गल चुके हैं और अगली फसल की बुवाई का खर्च तक जुटाना मुश्किल हो गया है। किसानों ने डीएम के समक्ष धान की मुट्ठियां दिखाते हुए कहा कि अब घर चलाना भी दूभर हो गया है, सरकार से तुरंत मुआवजा मिले तभी अगली फसल बो सकेंगे। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राहत की घोषणा करते हुए कहा कि आज से ही सर्वे टीम गांव-गांव रवाना होगी और दो से तीन दिन में रिपोर्ट तैयार कर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर किसानों की नाराजगी और निराशा से गूंजता रहा, लेकिन डीएम के आश्वासन ने उम्मीद की हल्की किरण जगाई। उपस्थित किसानों में राजकिशोर पटेल, चंद्रभान, उजैन सिंह, कृष्ण कुमार, कुसुम सिंह, राजेश पांडेय, अश्विनी कुमार, हनुमान सिंह, संतोष कुमार, देवेन्द्र पटेल सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# दिशा बैठक में सांसद के तेवर- कागज पर नहीं, जमीन पर दिखे विकास, मंडी सचिव का रोका वेतन

● अफसरों से मांगा काम का सबूत

● सांसद बोलीं- बहाने नहीं, परिणाम चाहिए

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को उस समय चर्चा का केंद्र बन गई, जब सांसद कृष्णा देवी पटेल ने अफसरों पर फटकार लगाते हुए कहा कि कागजों पर नहीं, धरातल पर दिखना चाहिए विकास। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर, सदर विधायक अनिल प्रधान सहित तमाम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे। बैठक में जल जीवन मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, आवास योजना, पेंशन योजनाएँ और आयुष्मान भारत जैसे प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा हुई। सांसद ने जल निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जहां सड़कें खुदी हैं, वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए, सरकार की छवि बिगड़नी नहीं चाहिए। रानीपुर खाकी की पानी टंकी से रिसाव की शिकायत पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी चेतावनी दी कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सांसद ने कहा कि गरीबों को पेंशन, किसानों को उर्वरक और फसल नुकसान का मुआवजा हर हाल में मिले। मनरेगा और एनआरएलएम योजनाओं में पात्रों को शामिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर गरीब परिवार का नाम और मोबाइल सूची में होना चाहिए। उन्होंने विद्युत विभाग को फटकार लगाई कि कंज्यूमर का फोन उठना चाहिए और ट्रांसफार्मर समय से बदले जाएँ। सचिव, मंडी समिति की अनुपस्थिति पर उनका वेतन रोकने का आदेश दिया गया।

# गांव की गलियों से मैदान तक गूंजा कुश्ती का जश्न, बांधी के विराट दंगल ने मचाई धूम

● फीता काट कर किया शुभारम्भ

● बांधी में लगे दंगल के रंग



बांधी के दंगल में मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** सोमवार को ग्राम पंचायत बांधी का मैदान पूरे जोश और उत्साह से गूंज उठा, जब यहां आयोजित विराट दंगल ने दर्शकों के दिलों में रोमांच की लहर दौड़ा दी। भाजपा नेता पंकज बलुआ (पूर्व प्रधान रामपुर), अजय मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल मिंटू सिंह, विजय मिश्रा और भाजपा रामनगर मंडल अध्यक्ष मुन्नालाल प्रजापति ने फीता काटकर इस महापर्व का उद्घाटन किया। दूर-दराज से आए पहलवानों ने मैदान में उतरते ही दर्शकों को रोमांच के पारंगत होने का अहसास दिलाया। हर मुकाबला जैसे दर्शकों के लिए एक सिंहासन युद्ध बन गया। पहलवानों की ताकत और कौशल ने हर श्रोता को मंत्रमुग्ध कर दिया। गौरी शंकर पांडे, अंकुश बलुआ, दीपक द्विवेदी सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी।

ग्रामवासियों और क्षेत्र की सम्मानित देवतुल्य जनता ने पूरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ पहलवानों का हौसला बढ़ाया। हर अखाड़ा, हर दंगल का मंजर और हर उत्साही तालियों की गूंज इस खेल की महिमा और बांधी की परंपरा को जीवित करती रही। आयोजन ने साफ कर दिया कि बांधी की धरती सिर्फ संस्कृति में ही नहीं, बल्कि खेल-कूद और युवा प्रतिभाओं के उत्साह में भी समृद्ध है।

# कंधवनिया की धरती पर गूंजी किसानों की हुंकार- भाकियू की महापंचायत में उठा हक का बिगुल



पंचायत के मंच पर मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती महोत्सव के अवसर पर ग्राम कंधवनिया (पोस्ट हरदौली, तहसील राजापुर) की धरती सोमवार को किसानों की गरज से गूंज उठी। शिवाजी सेवा संस्थान चित्रकूट द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय मेले के चौथे दिन हुई किसान महापंचायत ने सरकार और प्रशासन दोनों को चेतावनी दे डाली कि अब किसानों की आवाज को अनसुना नहीं किया जाएगा। मुख्य अतिथि कमल नयन पटेल, मंडलाध्यक्ष (भाकियू बांदा) ने स्पष्ट कहा कि वर्षा से हुए फसल नुकसान और खाद संकट को लेकर एक बार फिर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। विशिष्ट अतिथि राम सिंह राही, जिलाध्यक्ष (भाकियू चित्रकूट) ने किसानों के हक की लड़ाई हर स्तर पर जारी रखने का ऐलान किया। कार्यक्रम के संयोजक सिद्धार्थ विक्रम सिंह और संस्थान के अध्यक्ष अमित पटेल सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंचायत में चारों ओर किसान एकता के नारे गूंजते रहे। खेती बचेगी तभी देश बचेगा- के उद्घोष के साथ किसान महापंचायत एक ऐतिहासिक संदेश छोड़ गई- किसान अब जाग चुका है, और उसके साथ पूरा चित्रकूट खड़ा है।

# प्रयागराज से बरगढ़ तक- ऋषभ रस्तोगी ने सीए की परीक्षा में मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**



चार्टर्ड अकाउंटेंट ऋषभ रस्तोगी

**बरगढ़/चित्रकूट।** बरगढ़ के कस्बा निवासी गोपाल रस्तोगी के पुत्र ऋषभ रस्तोगी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा पास कर क्षेत्र में खुशियों का माहौल बना दिया है। प्रयागराज में रहकर कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले ऋषभ की इस बड़ी शैक्षणिक उपलब्धि पर परिवार, मित्र और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी। परिवार ने अपनी खुशी का इजहार किया और कहा कि ऋषभ की सफलता का श्रेय उनके सहयोग और समर्थन को जाता है। इस कामयाबी ने न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल पैदा किया है। क्षेत्रवासियों ने ऋषभ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी मेहनत और लगन की सराहना की।

# जिले में शिक्षक प्रशिक्षण और अकादमिक सुधार का बड़ा कदम- डायट ने की विस्तृत समीक्षा

● निपुण व दीक्षा ऐप से शिक्षा में क्रांति

● जिले में शिक्षा का नया मापदंड




समीक्षा बैठक में मौजूद डायट प्राचार्य बीके शर्मा

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में सोमवार को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार की दिशा में एक नई चेतना जगाई। उप-शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य डायट बीके शर्मा की अध्यक्षता में एआरपी, एसआरजी और डायट मेंटर्स ने माह-अक्टूबर की गतिविधियों और आगामी रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में सपोर्टिव सुपरविजन, स्पेल बी प्रतियोगिता, संकुल शिक्षक बैठकें, शिक्षक डायरी एवं संदर्शिका का उपयोग, टीएलएम, विज्ञान एवं गणित किट का प्रयोग, निपुण प्लस ऐप और दीक्षा ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों का आकलन, और एफएलएन प्रशिक्षण तथा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी एआरपी द्वारा विद्यालय भ्रमण के दौरान सामने आई समस्याओं और चुनौतियों पर समाधानात्मक सुझाव प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य बीके शर्मा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता तभी बढ़ेगी जब कक्षा-कक्षा तक सीखने का वातावरण जीवंत होगा। उन्होंने शिक्षकों को सक्रिय शिक्षण विधियाँ अपनाने, शिक्षण-सामग्री का रचनात्मक उपयोग करने और तकनीकी साधनों का समुचित प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी जोर देकर कहा कि लर्निंग आउटकम शिक्षा की वास्तविक कसौटी है और विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान में निपुण बनाने पर बल दिया। बैठक का समापन समर्पित शिक्षक मंडल और डायट संकाय के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने का संदेश साफ झलकता है।

# कैरेबियन सागर में अमेरिकी हमले: नार्को-टेररिज्म के नाम पर बढ़ता अंतरराष्ट्रीय तनाव



**कैरेबियन**
**कैरेबियन** सागर में हाल के दिनों में अमेरिकी सैन्य गतिविधियों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में काफी हलचल मचा दी है। ताजा घटनाक्रम में, अमेरिका ने शनिवार को एक और नौका पर हवाई हमला किया है, जिसके परिणामस्वरूप तीन लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए बताया कि हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर किया गया था।
मौजूद जानकारी के अनुसार, उक्त नौका पर मौजूद तीनों व्यक्तियों को अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर ह्यनार्को-टेररिस्टह्न के रूप में चिह्नित किया गया था। यह हमला अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में किया गया, जिससे इस कार्रवाई की वैधता को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं।
गौरतलब है कि इसी सप्ताह बुधवार को किए गए हमले में चार लोगों की मौत हुई थी, जबकि इससे पहले सोमवार को हुए हमलों में 14 लोगों की जान गई थी। बताया जा रहा है कि सितंबर से शुरू हुए इस अभियान में अब तक 62 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 14 नावों के साथ एक आधी डूबने वाली नाव को भी खत्म किया गया है। पीड़ितों में वेनेजुएला और कोलंबिया के नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं।
हालांकि अमेरिका का दावा है कि यह अभियान ड्रग-तस्करी से जुड़े नेटवर्क को खत्म करने के लिए चलाया जा रहा है, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया गया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क ने इन हमलों को 'अस्वीकार्य' बताया है और अमेरिका से तत्काल ऐसी कार्रवाइयां रोकने की अपील की है। उनके मुताबिक यह स्पष्ट रूप से अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार सिद्धांतों का उल्लंघन हैं।
वहीं, इस सैन्य अभियान ने वेनेजुएला और कोलंबिया के साथ अमेरिका के संबंधों में तनाव और बढ़ा दिया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इन हमलों को 'अवैध आक्रामकता' करार दिया है और दावा किया है कि अमेरिकी प्रशासन उनके शासन को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। रूस ने भी इन कार्रवाइयों की कड़ी निंदा की है और वेनेजुएला की संप्रभुता के समर्थन का आश्वासन दिया है।
साथ ही, बता दें कि अमेरिका ने हाल ही में कैरेबियन क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ा दी है, जिसमें एडवांस जंगी जहाज, एफ-35 लड़ाकू विमान, परमाणु पनडुब्बी और बड़ी संख्या में सैनिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो के खिलाफ गिरफ्तारी सूचना देने पर इनाम बढ़ाकर 50 मिलियन डॉलर कर दिया है और उन पर ड्रग-तस्करी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।
इन सबके बीच, कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी कार्रवाई और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं ने एक बार फिर वैश्विक राजनीति में टकराव की स्थितियों को उभरते हुए दिखाया है। ऐसा लगता है कि इस पूरे घटनाक्रम के राजनीतिक और कूटनीतिक प्रभाव आने वाले दिनों में और अधिक गहरे होने वाले हैं। स्थिति का विकास और इस पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएं देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि अभी मामले की जड़ तक पहुंचने के लिए कई परतें बाकी हैं। कुल मिलाकर, यह मुद्दा अब केवल एक सैन्य कार्रवाई से कहीं ज्यादा बड़ा और संवेदनशील बन चुका हैं।

## लंदन ट्रेन में सामूहिक चाकूबाजी से दहशत



**ब्रिटेन**
**ब्रिटेन** में शनिवार शाम लंदन जा रही एक यात्री ट्रेन में सामूहिक चाकूबाजी की भयावह घटना सामने आई है, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि घायलों में से नौ की चोटें जानलेवा हैं।
क्या हुआ ट्रेन में?
यह घटना स्थानीय समयानुसार शाम 7:30 बजे के आस-पास पीटरबरो स्टेशन से लंदन किंग्स क्रॉस की ओर जा रही ट्रेन में हुई। इसमें कुल 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह मार्ग डोनकास्टर से शुरू होता है और अक्सर यात्रियों से भरा रहता है।
चश्मदीद गवाहों का खौफनाक अनुभव
ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने घटना के मंजर को बेहद डरावना बताया। एक गवाह ने बीबीसी को बताया कि उसने लोगों को चिल्लाते हुए सुना, 'भागो, भागो, एक आदमी सचमुच सबको चाकू मार रहा है।' 'द टाइम्स' से बात करते हुए एक अन्य यात्री ने कहा कि उसने एक आदमी को बड़े चाकू के साथ देखा। लोग अपनी जान बचाने के लिए शौचालयों में छिप गए। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ट्रेन के डिब्बे में हर तरफ खून ही खून था।
एक अन्य यात्री ने स्काई न्यूज को बताया कि एक घायल पीड़ित ट्रेन से उतरते समय कह रहा था, 'उनके पास एक चाकू है, मुझे चाकू मारा गया है।'
घटना की जांच शुरू
ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस ने पुष्टि की है कि दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इस घटना के पीछे के मकसद और परिस्थितियों का पता लगाने के लिए तत्काल जाँच कर रही है।

## उड़ने वाली कार देखने का सपना होगा सच, एलन मस्क ' साल के अंत तक



**अमेरिका**
**टेस्ला** के सीईओ एलन मस्क ने एक धमाकेदार खुलासा किया है। उनका दावा है कि वह साल के अंत से पहले एक उड़ने वाली कार के प्रोटोटाइप का लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने इसे इतिहास का सबसे अविस्मरणीय उत्पाद लॉन्च बताया है।
जो रोगन पॉडकास्ट में खुलासामस्क ने यह बड़ा खुलासा शुक्रवार को 'द जो रोगन एक्सपीरियंस' पॉडकास्ट में अपनी उपस्थिति के दौरान किया। बातचीत तब शुरू हुई जब रोगन ने टेस्ला की लंबे समय से अटकी दूसरी पीढ़ी की रोडस्टर कार के बारे में पूछा, जिसका लॉन्च लक्ष्य 2020 था।
रोडस्टर के सवाल का जवाब देने के बजाय, मस्क ने धीरे-धीरे चर्चा को अपनी नई और बड़ी महत्वाकांक्षा की ओर मोड़ दिया। मस्क ने कहा, 'हम प्रोटोटाइप के प्रदर्शन के करीब पहुंच रहे हैं। मैं एक बात की गारंटी दे सकता हूं कि यह उत्पाद डेमो अविस्मरणीय होगा।'
रोगन ने जब उत्सुकता से पूछा कि यह अविस्मरणीय क्यों होगा, तो मस्क ने कहा, 'चाहे यह अच्छा हो या बुरा, यह अविस्मरणीय होगा।' मस्क ने इस तकनीक को 'पागलपन भरा' बताते हुए कहा कि अगर आप सभी जेम्स बॉन्ड कारों को मिलाकर देखें, तो यह उससे भी ज्यादा पागलपन भरा होगा।
उड़नें वाली कार के विचार पर जोर देने के लिए, मस्क ने अपने दोस्त और उद्यमी पीटर थील का जिक्र किया। मस्क ने कहा, 'मेरे दोस्त पीटर थील ने एक बार कहा था कि भविष्य में उड़ने वाली कारें होंगी, लेकिन हमारे पास उड़ने वाली कारें नहीं हैं।'मस्क ने संकेत दिया, 'मुझे लगता है कि अगर पीटर उड़ने वाली कार चाहते हैं, तो हमें एक खरीदनी चाहिए,' जिससे यह साफ हो गया कि टेस्ला इस अवधारणा पर काम कर रही है। मस्क ने उम्मीद जताई कि वह 'साल के अंत से पहले' उड़ने वाली कार का प्रदर्शन कर पाएंगे।
उन्होंने वाहन के डिजाइन (जैसे पंखों) के बारे में कोई भी विस्तार से जानकारी देने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि वह 'अनावरण से पहले अनावरण नहीं कर सकते।' मस्क की इन टिप्पणियों ने दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ा दी है कि टेस्ला का अगला 'सबसे यादगार उत्पाद अनावरण' क्या होगा।

## ब्रिटेन में ट्रेन के अंदर चाकू से हमला करने के मामले में दो लोग गिरफ्तार, 10 लोग अस्पताल में भर्ती

**ब्रिटिश**
**ब्रिटेन** के कैम्ब्रिजशायर में एक ट्रेन में कई लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस ने शनिवार शाम को ट्रेन को रोककर घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।
ब्रिटेन की पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से नौ को जानलेवा चोटें आई हैं। आतंकवाद निरोधी पुलिस जांच में सहयोग कर रही है।
कैम्ब्रिजशायर पुलिस ने कहा कि उसके अधिकारी हंटिंगडन में ट्रेन को रोकने और घायलों को अस्पताल ले जाने के बाद ब्रिटिश यातायात पुलिस (बीटीपी) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।
कैम्ब्रिजशायर पुलिस ने एक बयान में कहा, हमें शाम 7:39 बजे (स्थानीय समयानुसार) सूचना मिली कि ट्रेन में कई लोगों पर चाकू से हमला किया गया है। पुलिस ने कहा, अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रेन को हंटिंगडन में रोका गया।

## सीरिया के राष्ट्रपति अल-शरा की व्हाइट हाउस में मेजबानी करेंगे ट्रंप : अधिकारी



**सीरिया**
**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के साथ ह्यव्हाइट हाउसह्न में वार्ता करेंगे। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय ह्यव्हाइट हाउसह्न में किसी सीरियाई राष्ट्रपति की पहली यात्रा होगी। इस बैठक की औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि बैठक 10 नवंबर को होने की संभावना है। ट्रंप ने मई में सऊदी अरब में अल-शरा से मुलाकात की थी, जो अमेरिका और सीरिया के नेताओं के बीच 25 वर्षों में पहली मुलाकात थी। सीरिया दशकों से जारी अंतरराष्ट्रीय अलगाव से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है। ट्रंप की खाड़ी सहयोग परिषद के नेताओं के साथ बैठक के इतर हुई इस बैठक को सीरिया के लिए एक बड़े घटनाक्रम के रूप में देखा गया। सीरिया असद परिवार के 50 से अधिक वर्षों के कठोर शासन के बाद अब भी उबर नहीं पाया है। अल-शरा पर एक समय एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम था। अबू मोहम्मद अल-गोलानी नाम से जाने जाने वाले अल-शरा का अल-कायदा से नाता था और सीरियाई युद्ध में उतरने से पहले वह इराक में अमेरिकी सेना से लड़ने वाले विद्रोहियों में शामिल हो गए थे।

## सरकारी विमान के निजी इस्तेमाल पर घिरे एफबीआई निदेशक काश पटेल



**अमेरिका**
फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपने निदेशक काश पटेल पर लगे निजी यात्राओं के लिए सरकारी विमान के इस्तेमाल के आरोपों का जोरदार खंडन किया है। एफबीआई ने कहा है कि नियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है, बल्कि निदेशक के यात्रा विकल्पों से वास्तव में करदाताओं के लाखों डॉलर की बचत हुई है।
एफबीआई ने क्यों किया बचाव?
एफबीआई के जनसंपर्क मामलों के सहायक निदेशक बेन विलियमसन ने आरोपों को 'बेवकूफी भरा' बताया और पटेल की यात्राओं का बचाव करते हुए मुख्य तर्क दिए। विलियमसन ने कहा कि सरकारी विमान का इस्तेमाल संघीय कानून का पूरी तरह से पालन करता है। संघीय नियमों के तहत, एफबीआई निदेशकों को 'आवश्यक उपयोग यात्री' माना जाता है। इसका मतलब है कि उन्हें हर समय सुरक्षित संचार उपकरणों तक पहुंच बनाए रखने के लिए सरकारी विमान से यात्रा करने का आदेश दिया गया है, निजी यात्राओं में भी। उन्हें कमर्शियल उड़ान भरने से प्रतिबंधित किया गया है। निदेशक निजी यात्रा के लिए सरकार को अग्रिम भुगतान करते हैं, जिससे डटइ (प्रबंधन एवं बजट कार्यालय) के नियमों का सख्ती से पालन होता है।
पटेल ने कैसे बचाए करदाताओं के पैसे?
एफबीआई ने दावा किया कि पटेल अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में अधिक लागतकुशल तरीके से यात्रा करते हैं। पटेल अक्सर महंगे व्यावसायिक हवाई अड्डों (जैसे ऊ्रअ) के बजाय सरकारी हवाई अड्डों को चुनते हैं, जिससे लागत लगभग 2.5 गुना कम हो जाती है। पूर्व निदेशक क्रिस रे ने लगभग दोतिहाई यात्राएं ऊ्रअ से कीं, जिसकी लागत लगभग 3.9 डॉलर मिलियन थी, जो सरकारी हवाई अड्डों का उपयोग करने की तुलना में लगभग 2.2 डॉलर मिलियन अधिक थी। विलियमसन ने कहा कि पटेल के यात्रा विकल्पों से पूर्व निदेशकों की तुलना में करदाताओं के लाखों डॉलर की बचत हुई है। विलियमसन ने यह भी बताया कि निदेशक पटेल शायद ही कभी निजी यात्राएं करते हैं। हालांकि उन्हें 'कभीकभार परिवार, दोस्तों या अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए निजी समय' लेने की अनुमति है, लेकिन वह 24/7 ड्यूटी पर रहते हैं। काश पटेल पर आरोप था कि वह अपनी गायिकाप्रेमिका, एलेक्सिस विल्किंस को देखने के लिए न्याय विभाग के एक महंगे जेट से नैशविले गए थे।
एफबीआई का 'बेहतरीन प्रदर्शन'
विलियमसन ने आलोचकों से 2025 में एफबीआई के अच्छे प्रदर्शन पर ध्यान देने को कहा, एफबीआई ने पिछले वर्ष की तुलना में 100 प्रतिशत से अधिक गिरफ्तारियां (29,000) कीं। 6,000 अवैध आग्नेयास्त्र जब्त किए। 5,000 बाल पीड़ितों को बचाया (35% अधिक)। 1,600 किलोग्राम फेंटेनाइल जब्त किया (25% अधिक)। 300 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया (10% अधिक)।

## जमैका में मचाई प्रलय, हजारों घर तबाह; जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त



**कैरेबियाई**
**कैरेबियाई** देश जमैका में हाल ही में आए भीषण तूफान मेलिसा के कारण अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी पुष्टि के अनुसार, यह तूफान दशक के सबसे प्रचंड तूफानों में से एक रहा, जिसने 185 मील प्रति घंटे की रफ्तार से जमैका को अपनी चपेट में लिया था। बता दें कि इस तेज रफ्तार हवाओं ने हजारों घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और भारी तबाही मचाई है।
मौजूद जानकारी के अनुसार, तूफान मेलिसा ने जमैका के अलावा हैती, डोमिनिकन रिपब्लिक और क्यूबा में भी कहर बरपाया। हालांकि क्यूबा पहुंचते-पहुंचते तूफान की गति कुछ धीमी हुई, लेकिन इसके बावजूद कई इलाकों में सड़कें टूट गईं, घर ढह गए और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गौरतलब है कि रेड क्रॉस ने इसे ह्लअभूतपूर्व विनाशकारी आपदाह्व करार दिया है। जमैका सरकार ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि वह पूरे समुदाय के साथ खड़ी है। इस बीच ब्रिटेन की ओर से हवाई मार्ग से राहत आपूर्ति भेजी जा रही है और वहां फंसे अपने नागरिकों की वापसी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सरकार द्वारा चार्टर्ड की गई पहली ब्रिटिश उड़ान शनिवार शाम को जमैका से रवाना हुई, जिसमें वे लोग शामिल थे जो वाणिज्यिक उड़ानों से जाने में सक्षम नहीं थे। ध्यान देने योग्य है कि ब्रिटेन ने कैरेबियाई क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य के लिए अतिरिक्त ख5 मिलियन की सहायता राशि देने की घोषणा की है। यह रकम पहले से घोषित ख2.5 मिलियन के अलावा है। बताया जा रहा है कि इस सहायता से 3,000 से अधिक शेल्टर किट और 1,500 से ज्यादा सोलर लालटेन भेजी जाएंगी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## अमेरिकी दबाव के आगे झुके कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, विवादित विज्ञापन पर ट्रंप से मांगी



**कनाडा**
**कनाडा** के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने एक विवादित विज्ञापन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से माफी मांगी है। यह विज्ञापन पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन की टैरिफ-विरोधी टिप्पणियों पर आधारित था, जिसने दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता को स्थगित कर दिया और अमेरिका ने कनाडा पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया।
कार्नी ने क्यों मांगी माफी?
प्रधानमंत्री कार्नी ने ग्योंगजू में प्रेस को बताया कि उन्होंने विज्ञापन को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप से माफी मांगी क्योंकि 'राष्ट्रपति नाराज थे।' उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार है, लेकिन यह तभी होगा जब अमेरिका इसके लिए 'तैयार' होगा।
कार्नी ने बताया कि विज्ञापन की समीक्षा करने के बाद, उन्होंने ओंटारियो के प्रधानमंत्री डग फोर्ड से कहा था कि वह इसे प्रसारित नहीं करना चाहते थे।
ट्रंप की प्रतिक्रिया
राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को कार्नी की माफी की पुष्टि करते हुए विज्ञापन पर तीखी प्रतिक्रिया दी। ट्रंप ने कहा, 'मेरे [कार्नी के साथ] बहुत अच्छे संबंध हैं... उन्होंने विज्ञापन के साथ जो किया उसके लिए माफी मांगी।' उन्होंने विज्ञापन को 'झूठा' और 'कुटिल' करार दिया। ट्रंप ने दावा किया कि रीगन को टैरिफ पसंद थे, जबकि विज्ञापन में इसका बिल्कुल उलटा दिखाया गया था।
विज्ञापन के कारण, ट्रंप ने कनाडा पर एक बड़ा कदम उठाया। उन्होंने 'तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और शत्रुतापूर्ण व्यवहार' का हवाला देते हुए कनाडा पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया।
ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर मांग की कि विज्ञापन को 'तुरंत हटा दिया जाए', लेकिन इसे वर्ल्ड सीरीज बेसबॉल खेलों के दौरान प्रसारित किया गया।
विवादित विज्ञापन क्या था?
एक मिनट का यह विज्ञापन ओंटारियो के प्रधानमंत्री डग फोर्ड द्वारा लॉन्च किया गया था।